दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 91
कोटद्वार बुधवार
26 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आज स्कूल और आगंनबाड़ी केंद्रों में रहेगा अवकाश

**चमोली** : मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 26 जुलाई को उत्तराखंड राज्य के अन्य जनपदों के साथ ही जनपद चमोली में भी कहीं कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने जनपद में संचालित सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12) और आंगनबाड़ी केन्द्रों में 26 जुलाई को अवकाश घोषित किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला बाल विकास अधिकारी को समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाडी केन्द्रों में उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जारी किए है।

## सीएम ने करगिल शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर देश के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का मान बढ़ाया है। हमें अपने जवानों की वीरता पर गर्व है। कहा कि उत्तराखण्ड में भी देश के लिये बलिदान की परम्परा रही है। कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिये वचनबद्ध है।

# राज्य योजना आयोग समाप्त, अब सेतु के हवाले नए उत्तराखंड का भविष्य

**देहरादून।** उत्तराखंड में सरकार ने राज्य योजना आयोग को समाप्त कर दिया है। अब सशक्त उत्तराखंड @2025 के लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में नीति आयोग की तर्ज पर स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर इंपावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) के गठन को राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है। हाल ही में कैबिनेट ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसके बाद आज मंगलवार को सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सेतु प्रदेश सरकार की नीति व नियोजन में थिंक टैंक की तरह काम करेगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। साथ ही नियोजन मंत्री उपाध्यक्ष और तीन सलाहकार भी नियुक्त होंगे।

नागरिकों के विकास एवं कल्याण की सामाजिक एवं व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एजेंडा तैयार करेगा। जन आवश्यकताओं के अनुसार, उनकी पूर्ति के लिए सक्रिय रहेगा। विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। सभी समूहों का समावेश करेगा। राज्य के युवाओं के लिए अवसरों की समानता। पर्यावरण को बचाते हुए सतत विकास। सरकार के



प्रत्यक्ष और उत्तदायी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। राज्य के संसाधनों के कुशल और प्रभावी उपयोग के लिए समन्वय, सामुदायिक भागीदारी व नेटवर्किंग पर जोर देगा।

सेतु के संगठनात्मक ढांचे के मुताबिक, मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। यदि वह नियोजन मंत्री हैं, तो उपाध्यक्ष पद पर वह किसी मंत्री को नामित करेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुक्त बाजार से लिया जाएगा। यह नामी अर्थशास्त्री या सेवानिवृत्त नौकरशाह हो सकता है। सभी मंत्री इसके सदस्य होंगे। सेतु के तहत तीन केंद्र होंगे और प्रत्येक में दो-दो सलाहकार होंगे। इनमें आर्थिक एवं सामाजिक विकास केंद्र में आर्थिकी एवं रोजगार सलाहकार, लोक नीति एवं सुशासन केंद्र में लोक नीति एवं सुशासन सलाहकार व शहरी व अर्द्ध शहरी विकास सलाहकार व साक्ष्य आधारित योजना केंद्र में सांख्यिकी एवं डाटा व अनुश्रवण व मूल्यांकन सलाहकार होंगे।

ये सभी सलाहकार विभागों को सलाह देंगे और विभागीय योजनाओं में समय और भावी जरूरत के हिसाब से संशोधन के लिए मार्गदर्शन करेंगे। साक्ष्य आधारित योजना केंद्र के तहत सलाहकार उपलब्ध डाटा का विश्लेषण, डाटा इको सिस्टम विकास, सर्वेक्षण एवं अध्यक्ष में तकनीकी मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन व अन्य प्रकोष्ठों में सहयोग देंगे।

## जोशीमठ-औली सड़क पर दरार आने से पैदल मार्ग धंसा, देवग्राम में भी कई मकानों में आईं दरारें

**जोशीमठ।** नगर के भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्रों में नई दरारें फिर आने लगी हैं। यहां जोशीमठ-औली सड़क पर नई दरार आ गई है। इसके अलावा मनोहर बाग वार्ड में पैदल रास्ता धंस गया है जिसने नगर के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जोशीमठ में मनोहर बाग वार्ड में ही जनवरी महीने में सबसे पहले दरार आई थी। यहां से शुरू हुई दरारें सिंहधार वार्ड तक बढ़ गई थीं। अब फिर मनोहर बाग वार्ड में जोशीमठ-औली सड़क पर दरार आ गई है। मनोहर बाग वार्ड में ही नगर पालिका की ओर से बनाया गया पैदल रास्ता भी धंसने लगा है।

उर्गम घाटी के देवग्राम में कई साल से भूस्खलन हो रहा है जिससे मलखोला, भलखोला, गीरा व बासा तोक के कई मकानों में दरार आई हैं। बरसात में लोग इन्हीं दरार वाले घरों में रहने के लिए मजबूर हैं जिससे यहां हर समय खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में दरारें बढ़ रही हैं। घरों के ढहने का खतरा बना है। देवग्राम के प्रधान देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रशासन ने सर्वे के बाद भी यहां कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से भूस्खलन क्षेत्र में शीघ्र सुरक्षा के उपाय कराने की मांग की। देवाल-खेता मानमती सड़क लोनिवि के लिए चुनौती बन गई है।

## नाम रखने से कुछ नहीं होता, ईस्ट इंडिया और इंडियन मुजाहिदीन में भी है इंडिया: मोदी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'इंडिया' नाम को लेकर विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा है कि आतंकी संगठनों में भी इंडिया नाम रखा है। भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडिया नाम का भी अजीब संयोग है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस तो अंग्रेजों ने बनाया था। इंडियन मुजाहिदीन की स्थापना आतंकवादियों ने की थी और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया



जैसे संगठनों में भी इंडिया लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऐसा दिशाहीन विपक्ष तो उन्होंने आज तक नहीं देखा।

उन्होंने पूरे देश के गांवों से मिट्टी लाकर दिल्ली में एक अमृत वन बनाने की बात भी बैठक में कही। बैठक में प्रध मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल समेत कई केंद्रीय मंत्री और सांसद मौजूद रहे।

# सरकार को कोई डर नहीं है, मणिपुर पर जिसको जितनी चर्चा करनी है कर लें' : शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022 पर बोलते हुए कहा कि मणिपुर मुद्दे पर सरकार चर्चा के लिए तैयार हैं।

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं को लिखा है कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है और उनसे इस संवेदनशील मामले पर चर्चा के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आग्रह किया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया। उन्होंने बताया कि आज मैंने दोनों सदनों के विपक्षी नेताओं, लोकसभा के अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा के मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर मणिपुर मुद्दे की चर्चा में उनके अमूल्य सहयोग की अपील की। सरकार मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी दलों से सहयोग चाहती है। मुझे उम्मीद है कि सभी दल इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने में सहयोग करेंगे।

साथ ही लोकसभा में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इस साल विजयादशमी या दिवाली से पहले एक नई सहकारी नीति लाएंगे।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार सबके सामने है। एक तरफ वे देश को यह कह कर गुमराह कर रहे हैं कि वे मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं, लेकिन इस मुद्दे पर वे संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे हैं। विपक्ष का व्यवहार इस बात पर मुहर लगा रहा है कि ये लोग देश की महिलाओं, जनजातीय समुदाय, गरीबों के प्रति संवेदनहीन हैं।केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है, हम मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष चर्चा की मांग कर खुद इससे भाग रहा है क्योंकि वे जानते हैं कि जो ऊंगली वे सरकार की तरफ उठाने वाले हैं, उसके अलावा उस हाथ की शेष ऊंगलियां उनकी तरफ उठने वाली है।वहीं, कांग्रेस सांसद रणदीप सूरजेवाला ने मणिपुर की स्थिति को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश का, स्वतंत्रता सेनानियों और इंडिया और भारत का अपमान कर रहे हैं। ढट को अमेरिका की संसद में जाकर बात करने का समय है, लेकिन देश की संसद में आकर, मणिपुर शब्द बोलने से नफरत है। प्रधानमंत्री देश के संविधान और संसद से इतनी नफरत क्यों करते हैं। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी गृह मंत्री की होती है।

IHMS
KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Value Added Courses @ 0% cost
• Industrial Tour
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटें कांग्रेस जीतेगी: हरीश रावत



ऋषिकेश। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में पांचों सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीतेगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार पर गठबंधन भारी पड़ेगा। दावा किया कि उत्तराखंड में क्षेत्रीय दलों ने भी कांग्रेस की मजबूती के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति जताई है। जयराम आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस हमेशा देश के विकास एवं आमजन के कल्याण की बात करती है। जबकि भाजपा हमेशा वोट के लिये लोगों को बांटने का काम कर रही है। लेकिन अब जनता भाजपा की असलियत जानने लगी है। दावा किया कि केंद्र में इस बार कांग्रेस की सरकार ही बनेगी। जबकि उत्तराखंड में सभी सीटें कांग्रेस जीतेगी। कहा कि गठबंधन बनने के बाद मोदी सरकार परेशान है। इसलिये वह जनहित से जुड़े मुद्दों की बजाय दूसरी तरफ जनता का ध्यान बांट रही है। लेकिन अब जनता भाजपा के इरादे समझने लगी है। इसलिये इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार ही बनेगी। गठबंधन कामयाब न हो इसके लिये तरह–तरह के पड्यंत्र रचे जा रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी के समाधान के बजाय धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में हाईवे पर जाम की समस्या से लोग परेशान है। लेकिन समस्या के निदान को सरकार गंभीर नहीं है। जाम के चलते ऋषिकेश का पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। कहा कि आईडीपीएल की समस्या के निराकरण को भी सरकार गंभीर नहीं है।

## बांध प्रभावितों के हितों के लिए सभी एकजुट होकर संघर्ष करेंगे

विकासनगर। लखवाड़–व्यासी युवा श्रम संविदा सहकारी समिति के तत्वावधान में मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बांध प्रवाभित क्षेत्र जौनसार, जौनपुर, बिन्हार के बेरोजगारों युवाओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। बैठक में क्षेत्र की सभी समितियां एक बैनर तले अपने मांगों की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को बांध परियोजनाओं में रोजगार देने की मांग की गयी। लखवाड़–व्यासी परियोजना से प्रावभित युवाओं ने मंगलवार को मसूरी बैंड जमुना पुल पर एक बैठक की।

जिसमें प्रवाभित क्षेत्र के युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उदेश्य बांध प्रभावितों की विभिन्न समितियों को एकजुट कर संयुक्त आंदोलन चलाना रहा। जिससे मजबूती से बांध प्रभावितों की लडाई को लड़ा जा सके।

# श्रीदेव सुमन की पुण्य तिथि सुमन दिवस के रूप में मनाई

### जगह-जगह रोपे पौधे, स्कूली बच्चों ने निकाली जन जागरूकता रैली

टिहरी : टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन के शहादत को सुमन दिवस के रूप में मनाते हुए श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया गया। जिला कारागार में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम मयूर दीक्षित व सीडीओ मनीष कुमार ने श्रीदेव सुमन की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विभिन्न सरकारी कार्यालयों व स्कूलों में अमर शहीद श्रीदेव सुमन स्मरण कर उनके चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। सुमन दिवस के मौके पर जगह-जगह पौध रोपण कार्यक्रम करते हुए स्कूली बच्चों ने जन-जागरूकता रैली निकाली। स्वीप के तहत मतदान जन जागरूकता शपथ कार्यक्रम भी चलाया गया।सुमन दिवस पर मंगलवार को जिला कारागार परिसर में पौधारोपण विधायक किशोर व डीएम ने पौधरोपण भी किया। जिसके बाद कारागार परिसर में कर्मचारियों व समाज सेवियों ने भी पौधरोपण किया। क्षेत्रीय विधायक किशोर ने शहीद श्रीदेव सुमन को नमन करते हुए कहा कि श्रीदेव सुमन का बलिदान शहीद मंगल पाण्डे एवं चन्द्रशेखर आजाद से कम नहीं है। इस महान आत्मा ने 84 दिन तक आमरण अनशन कर हमारे वर्तमान और भविष्य की रक्षा के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। कहा कि श्रीदेव सुमन के दिखाये मार्ग पर चलने को आज संकल्प लेने का दिन है। डीएम मयूर ने श्रीदेव सुमन को स्मरण करते हुए कहा कि लोगों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पुण्य आत्मा के बलिदान को युवा पीड़ी भी जान सके। इसके लिए बच्चों के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाई जा रही है। स्कूली बच्चों ने जन जागरूकता रैली आयोजित कर पौधरोपण भी किया है। श्रीदेव सुमन के परिप्रेक्ष्य में जो भी घोषणाएं हुई हैं, उनके क्रियान्वयन के संबंध में शीघ्र ही बैठक कर तेजी से कार्य किया जायेगा। जनपद से संबंधित मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने दायित्वों व जिम्मेदारियों का निर्वाह्न करना ही श्रीदेव सुमन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुमन दिवस पर पीआईसी बौराड़ी स्टेडियम में विधायक की अध्यक्षता में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय में विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं ने राजकीय प्रताप इण्टर कालेज बौराड़ी से प्रताप आवासीय कॉलोनी-ओपन मार्केट-कवर्ड मार्केट-गणेश चौक-सांई चौक-जिला अस्पताल होते हुए वापस पीआईसी बौराड़ी तक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

# अतिक्रमण पर गरजी नगर निगम की जेसीबी



ऋषिकेश। शहर में हरिद्वार बाईपास मार्ग और गोविंदनगर में अतिक्रमण पर नगर निगम ने कार्रवाई की। दोनों स्थानों से निगम की टीम ने जेसीबी से 18 कब्जेदारों के कब्जों को ध्वस्त किया। दोबारा सड़कों को घेरने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मंगलवार को नगर आयुक्त राहुल कुमार गोयल के निर्देश पर निगम की टीम हरिद्वार बाईपास मार्ग पर योगनगरी रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां सड़क किनारे से 16 ठेली और झोपड़ियों को हटाया गया। कार्रवाई में झोपड़ियों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। गोविंदनगर से भी खोखे और ठेलियों को हटाया गया। निगम की टीम के पहुंचने के बाद अतिक्रमणकारियों में अफरा–तफरी की स्थिति नजर आई। कब्जा कर तरह–तरह की दुकान चलाने वाले जेसीबी से बिखरे सामान को समटते दिखे। नगर आयुक्त ने बताया कि हरिद्वार बाईपास मार्ग व्यस्ततम है। किनारों पर ठेलियों और झोपड़ियों की वजह से मार्ग पर आवागमन में वाहन सवारों को दिक्कतें पेश आ रही थीं। गोविंदनगर में भी कुछ ऐसे ही हालात बने हुए थे। बताया कि सोमवार को मुनादी कर अतिक्रमणकारियों को खुद ही कब्जे हटाने के लिए भी कहा गया था। वह नहीं माने, जिसके चलते निगम की टीम को कार्रवाई करनी पड़ी।

## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल ने की वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

देहरादून। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने अदम्य साहस, शौर्य और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया था। इस विजय अभियान में भारतीय सेना के कई शूरवीरों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया जिसमें देवभूमि उत्तराखण्ड के कई वीर सैनिक भी शामिल थे।

# कालसी चकराता स्टेट हाईवे सहित जौनसार बावर के 35 मार्गों पर यातायात रहा बंद



विकासनगर। जौनसार बावर की लाइफ लाइन कहे जाने वाला कालसी चकराता मोटर मार्ग पर जजरेट की पहाड़ी बरसात के दौरान क्षेत्र के लोगों के लिए नासूर का फोडा बन गया है। आये दिन पहाड़ी दरकने से मार्ग पर वाहनों के पहिये थम जाते हैं।

मंगलवार सुबह भी एक घंटे से अधिक समय तक जजरेट के पास मार्ग बंद रहा। वहीं क्षेत्र में अब भी पहाड़ियों से सड़कों पर मलबा आने से पैंतीस मोटर मार्ग बंद रहे, जिससे साठ से अधिक गांवों के लोग यातायात सुविधा से वंचित हैं। कालसी चकराता मोटर मार्ग पर जजरेट की पहाड़ी दरकने से सुबह आठ बजे से नौ बजे तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहा। लोनिवि साहिया की कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग से मलबा हटाकर यातायात के लिए खोला गया।

इस बीच हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगीं रहीं। वहीं बरसात के दौरान पहाड़ियों से मलबा आने पर अब भी पैंतीस मोटर मार्ग बंद मंगलवार को भी बंद रहे, जिन पर दोपहर बाद भी यातायात बहाल नहीं हो पाया है। ऐसे में साठ से अधिक गांवों व मजरों की पचास हजार से अधिक की आबादी यातायात सुविधा से वंचित रही ये मोटर मार्ग रहे बंदः बंद रहे मोटर मार्गों में टुंगरा, रोहटा खड्ड अटाल मोटर मार्ग, लोखंडी पिपारा,सिलीखड्ड पैनुवा, अणु चिल्हाड, क्यारापुल डामटा कोटा म्यूडा, रडू मुंधोल, किस्तूड, सुई किचनोई, कोटी कनासर रजाणू, सजाड, निनुस, राठा जाखणी गुठाड, कोटी बावर, लखस्यार लुधेरा क्यारी कचटा, कुशियो कचटा खाती, हमरऊ ललऊ दातनू बडनू, तारली, लेल्टा, लाखामंडल नाडा, कोठा सैंज चंदेऊ ध्वैरा देऊ डिरनाड, दमन दसेऊ मटियावा, जगथान आदि मोटर मार्गों पर देर शाम तक भी यातायात बहाल नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### बंदरों के हमले में महिला गंभीर

रुद्रप्रयाग : नगर में एक बार फिर बंदरों ने हमला कर एक महिला को गम्भीर घायल किया। लगातार बढ़ रही घटनाओं के बावजूद भी नगर पंचायत व प्रशासन कोई कदम नहीं उठा पा रहा है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

सोमवार देर सांय को गांधीनगर वार्ड निवासी पुष्पा देवी (55 वर्ष) पत्नी श्याम लाल पर बंदरों के झुंड ने हमला किया। जिसके बाद घायलावस्था में महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। ऊखीमठ नगर में आए दिन बंदर राहगीरों को काट रहे हैं जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। बंदरों से हमले एक सप्ताह के भीतर यह चौथी घटना है। आए दिन बंदरो द्वारा लोगों को काटने की बात आम हो गयी है। इससे पूर्व शुक्रवार को बिहार मूल के एक मजूदर पर बंदरों के झुंड ने हमला किया था, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। रास्तों में झुंड बनाकर बैठे बन्दर बच्चों व बुजुर्गो पर ज्यादा हमले कर रहे हैं। (एजेंसी)

### 11 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ 2 गिरफ्तार

चमोली : थाना पुलिस थराली द्वारा अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब को पकड़ने में सफलता मिली है।

थाना प्रभारी थराली देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि सोमवार देर रात्रि को थाना थराली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्रान्तर्गत भारी मात्रा में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान सिमलसैन थराली के पास से बोलेरो वाहन से अभिषेक रावत पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम कौब तहसील नारायणबगड़ पंती थराली एव देवेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह ग्राम गुडम स्टेट, तलवाड़ी थराली को 11 पेटी सोलमेट व रायल स्टैग मार्का अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना थराली पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वाहन को सीज कर दिया गया है।

# पुण्यतिथि पर किया देव सुमन को याद




ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने लोगों को श्रीदेव सुमन के जीवन के बारे में बताया और उनका अनुसरण करने की अपील की।

मंगलवार को ढालवाला स्थित दुर्गा मंदिर में गढ़भूमि लोक संस्कृति संरक्षण समिति आवाज़ साहित्यिक संस्था ने देव सुमन की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में श्रीदेव सुमन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद पौधरोपण कर श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के अध्यक्ष आसाराम व्यास ने कहा कि श्रीदेव सुमन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने राजशाही तानाशाही के विरुद्ध आवाज उठाकर 84 दिन की भूख हड़ताल की। मौके पर संस्था सचिव विशाल मणि पैन्यूली, उपाध्यक्ष गजेंद्र कंडियाल, महिपाल बिष्ट, सत्येंद्र चौहान सोशल, सुरेंद्र सिंह भंडारी, सुशीला सेमवाल, उमा पंवार, सावित्री पोखरियाल, शारदा कुड़ियाल, शाकुम्बरी नौटियाल आदि रहे। उधर, चौदहबीघा स्थित श्रीदेव सुमन पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया अन्न उत्सव

ऋषिकेश। भाजपा महिला मोर्चा ने अन्न उत्सव (मिलेट्स फेस्टिवल) मनाया। वक्ताओं ने लोगों को मोटे अनाज से होने वाले फायदों के प्रति जागरूक किया।

मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने डोईवाला नगर में अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक बृज भूषण गैरोला ने कहा कि यह मिलेट्स फेस्टिवल अन्न को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों को भी मोटे अनाजों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त होंगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता शाह ने कहा कि मोटे अनाज से हमारे शरीर को कई फायदे होते हैं।

# योग प्रशिक्षितों ने योग विषय को विद्यालयी शिक्षा में शामिल करने पर जताई खुशी

रुद्रप्रयाग : योग विषय को विद्यालयी शिक्षा में शामिल करने के शासनादेश जारी होने पर उत्तराखंड योग संगठन ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया है। प्रदेश संगठन के मीडिया प्रभारी देवकी नन्दन बमोला ने कहा कि भले ही सरकार ने योग विषय को अतिरिक्त अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित कर लिया हो किंतु जब तक विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति नहीं होगी तब तक यह लड़ाई अधूरी ही है।उत्तराखंड में लम्बे समय से योग प्रशिक्षिक विद्यालयों में नियुक्ति के लिए आन्दोलन कर रहे हैं। जिसके बाद उत्तराखंड सरकार ने समग्र शिक्षा में योग, आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य शिक्षा को इण्टरमीडिएट स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा में शामिल करते हुए चौथे अतिरिक्त एवं अनिवार्य विषय के रूप में मान्यता दी है। इससे योग प्रशिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग तो पूरी हुई किंतु यह मांग तब तक अधूरी है जब तक योग प्रशिक्षकों को विद्यालयों में नियुक्ति नहीं मिल जाती। अखिल भारतीय योग संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं योगासान स्पोर्ट्स एसोसिएशन रुद्रप्रयाग के जिलाध्यक्ष देवकीनंदन बमोला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा केन्द्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास है कि सरकार शीघ्र ही विद्यालयों मे योग शिक्षक/ प्रशिक्षक की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने में सफल होगी।

# सरनौल गांव के ग्रामीण डर के साए में जीने को मजबूर

उत्तरकाशी : भारी बारिश के कारण नौगांव ब्लॉक के सरनौल गांव के नीचे से भारी भूस्खलन हो रहा है। जिससे ग्रामीणों के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। कुछ मकानों में भूस्खलन के कारण दरारें पड़ गई हैं। जिससे ग्रामीण अपने घरों में डर के साए में रहने को मजबूर हैं।

बीते कुछ दिनों से यमुना घाटी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। नौगांव ब्लॉक के दूरस्थ सरनौल गांव के नीचे से भारी भूस्खलन हो रहा है।

बीते साल भी गांव के नीचे भूस्खलन हुआ था और भूस्खलन के कारण आसपास के भवनों को प्रशासन द्वारा खाली भी कराया गया था। जिन्हें स्कूल एवं पंचायत भवन में शिफ्ट किया गया। लेकिन भूस्खलन प्रभावित इन परिवारों की आज भी स्थाई व्यवस्था नहीं की जा सकी है। जिस कारण मजबूरन ग्रामीणों को भूस्खलन की जद में आए इन दोनों में ही रहने को मजबूर हो रहे हैं। इस बार फिर से भूस्खलन सक्रिय हो गया है।

भूस्खलन आवासीय भवनों के करीब आ गया है, जिससे मकानों में दरारें पड़ गई हैं। सरनौल गांव निवासी प्रवीन राणा, तरबीन राणा, उदय राणा, संजय राणा, प्रताप राणा, कारिलाल, भागमल, लाल नथा सिंह राणा, हरदेव सिंह राणा आदि के मकान भूस्खलन से करीब हैं, जिन्हें भूस्खलन का भारी खतरा पैदा हो रखा है।

## मणिपुर घटना पर सीटू ने प्रदर्शन कर जताया रोष

टिहरी : मणिपुर में महिलाओं की साथ मानवता को शर्मसार करने की वाली घटना के खिलाफ सीटू, किसान सभा व खेत मजदूर यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर बौराड़ी में सीटू–किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की असंवेदनशीलता के खिलाफ रोष जाहिर किया।

प्रदर्शन कर रोष जाहिर करते हुए सीटू ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने व राहत और पीड़ीतों के तुरंत पुनर्वास की मांग की। इसके लिए मणिपुर की जनता के साथ एकजुटता होने की बात कही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में पिछले लम्बे समय से हालात बद से बदतर बने हुए हैं। लेकिन राज्य की भाजपा सरकार ने सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए। खास करके प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के हालात पर लगातार मौन साधे रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में "सघन मिशन इंद्रधनुष—5.0" के संचालन के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में मंगलवार को "सघन मिशन इंद्रधनुष–5.0" के संचालन के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुयी। मुख्य सचिव ने प्रत्येक सम्बन्धित विभाग को आपसी सामंजस्य के साथ मिशन को सफल बनाने हेतु कार्य किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी कारण से टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चों का 100 प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा एवं स्थानीय निकायों द्वारा अपने–अपने स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को करते हुए, मिशन को सफल बनाए जाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने टीकाकरण के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक किए जाने के लिए गहन प्रचार प्रसार भी किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि "सघन मिशन इंद्रधनुष–5.0" के लिए तीन राउंड में टीकाकरण किया जाएगा।

# इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना से होगा किसानों और ग्रामीणों को नुकसान : प्रीतम सिंह



ऋषिकेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को परेशान करने का काम कर रही है। डोईवाला में नई इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना से किसानों और ग्रामीणों को नुकसान होगा।

इस योजना को धरातल पर नहीं आने दिया जाएगा। मानसून सत्र में इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

मंगलवार को माजरीग्रांट में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार ने डोईवाला में इंटीग्रेटेड टाउनशिप बनाने के लिए उस भूमि का चयन किया गया है, जो उपजाऊ भूमि है। इसमें किसान खेती करते हैं और इस इंटीग्रेटेड टाउनशिप के लिए इसका चयन होने से लोगो में आक्रेश है। सरकार से जुड़े लोग यह कह रहे हैं कि ऐसी कोई योजना ही नहीं है। अगर ऐसी कोई योजना नहीं है, तो मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री सामने आकर इसका खंडन करें।

कांग्रेस विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि सरकार जनता के लिए बनती है। लोग कई बरसों से डोईवाला में बसे हुए हैं और अपनी खेती–बाड़ी करते हैं। सरकार ऐसे लोगों को उजाड़ने का काम न करे। सरकार इन लोगों के साथ खिलवाड़ न करे। पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि यहां की जनता ने भाजपा सरकार को जीताने का कार्य किया है और अब रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कई दिनों से यह आंदोलन चल रहा है, मगर सरकार का कोई भी व्यक्ति सही से स्पष्टीकरण नहीं दे रहा है।

अगर सरकार इस मुद्दे को वापस नहीं लेती है, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिंह चौधरी, डोईवाला गन्ना समिति के मनोज नौटियाल, गुरदीप सिंह, अब्दुल रज्जाक, ईश्वर चंद्र पाल, अमीर हसन, उमेद बोरा, विनोद राणा, सागर मनवाल, ग्राम प्रधान अनिल पाल, करतार नेगी, महेंद्र भट्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंशुल त्यागी, जिला पंचायत सदस्य टीना सिंह, अब्दुल कादिर, प्रीतपाल सिंह, दलजीत सिंह, बुध देव सेमवाल, संजय खत्री, बलबीर सिंह, राजवीर खत्री, रणजीत सिंह, इंदरजीत सिंह, गौरव मल्होत्रा, रश्मि देवराडी, सावन राठौर, मनजीत रावत, हिमांशु, विशाल अग्रवाल, साकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## संस्था ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए दी आर्थिक मदद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड क्षत्रिय उत्थान संस्था की ओर से किडनी बीमारी से ग्रसित कुमारी हिमानी रावत पुत्री देवेंद्र सिंह रावत निवासी किशनपुरी कोटद्वार के परिवार को उसके किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता सौंपी गई। इस दौरान सदस्यों ने अन्य संस्थाओं से भी मदद की अपील की।

संस्था सचिव धीरेंद्र नेगी ने बताया कि उन्हें ज्ञात हुआ कि बालिका पिछले दो वर्षों से किडनी की बीमारी से ग्रस्त है। विभिन्न अस्पतालों में इलाज के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। वर्तमान में डाक्टरों द्वारा उनको किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई है। इसका खर्चा बहुत अधिक आ रहा है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस बात को ध्यान में रखते हुए संस्था ने 21 हजार रूपये की धनराशि देकर उनकी मदद की है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं और सक्षम व्यक्तियों से उनकी मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। आर्थिक मदद देने पर हिमानी के परिजनों ने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था संस्थापक उम्मेद सिंह चौहान, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष भारत सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट और राजेश रावत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हिंसा के विरोध में प्रदर्शन, निकाली आक्रोश रैली

## युवा कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों ने कोटद्वार शहर में निकाली रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी और प्रदेश की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए युवा कांग्रेस सहित अन्य संगठनों ने आक्रोश रैली निकाली। कहा कि मणिपुर में बिगड़ रही स्थिति को सुधारने के लिए वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। देश की महिलाओं पर अत्याचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंगलवार को बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं व संगठनों के लोग हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुई। वहां से वे विनीता भारती, कविता भारती व प्रीति के संयोजकत्व में रैली के रूप में तहसील पहुंची। तहसील में केंद्र की भाजपा नीत सरकार व मणिपुर की सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। तत्पश्चात महिलाएं पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंची और उनके माध्यम से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश व बाहर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं रह गई हैं। मणिपुर घटना में केंद्र सरकार की चुप्पी से समाज सकते में है वहीं प्रदेश की बेटी अंकिता भंडारी, जिसकी निर्मम हत्या की गई थी, उसका परिवार भी लंबे समय से न्याय की बाट जोह रहा है, लेकिन अभी तक उनके पक्ष में कुछ भी सकारात्मक नहीं हो पाया है। महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल सरकारों को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। रैली को महानगर कांग्रेस व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपना समर्थन दिया। रैली में गीता नेगी, कुसुमलता, मालती गौड़, सोनिया नेगी, कंचन, रेखा, विजय रावत, जयश्री, अंकुश घिल्डियाल, ओमप्रकाश कोटला, बाबी बिष्ट, शकुतला देवी और गुड्डू चौहान आदि शामिल रहे।



मणिपुर की घटना को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते सदस्य

# स्वस्थ्य जीवन जीने को आहार में शामिल करें मोटा अनाज

### भाजपा के कार्यक्रम में बोलीं भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित मोटा अनाज महोत्सव में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अपने आहार में मोटे अनाज को शामिल करने पर जोर दिया गया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित जिला कार्यालय में आयोजित महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया। दीप्ति रावत ने सभी से भोजन में मोटे अनाज को आवश्यक रूप से शामिल करने का आह्वान किया। कहा कि मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है। पौष्टिक होने के कारण मोटा अनाज हमारे लिए फायदेमंद रहता है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। कहा कि मालन नदी में पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जा रहा है। कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की दशा सुधारने के साथ ही लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रकीण नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, नीतू रावत, सुनीता कोटनाला, शशिबाला केष्टवाल, पार्षद नीरूबाला खंतवाल, नीना बेंजवाल, सविता खंडूड़ी, रजनी बिष्ट, यशोदा देवी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी रावत ने किया।



भाजपा के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य

## रॉयल गढ़वाल ने काशीरामपुर तल्ला को हराया

कोटद्वार : कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति की ओर से कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। उद्घाटन मैच में रॉयल गढ़वाल ने काशीरामपुर तल्ला को हराया।

काशीरामपुर तल्ला में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन सूबेदार नारायण सिंह (सेवानिवृत्त) ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासित रहकर खेलों में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उद्घाटन मैच में रॉयल गढ़वाल ने काशीरामपुर तल्ला को हराया। दूसरे मैच में प्राइमरी क्लब पदमपुर ने गिंवई वॉरियर की टीम को, तीसरे मैच में कड़क पहाड़ी काशीरामपुर तल्ला की टीम ने मालिनी क्लब किशनपुर को, चौथे मैच में सिद्धबली क्लब सिमलचौड़ ने पदमपुर की टीम को हराया। निर्णायक की भूमिका योगेश नेगी, गौरव ढौंडियाल ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल विजय रावत और प्रशांत खंतवाल ने सुनाया। स्कोरर की भूमिका आकाश रावत ने निभाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष बबलू नेगी ने बताया कि वॉलीबाल प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी। संचालन आंचल कुमार अग्रवाल ने किया।

# निबंध प्रतियोगिता में नैतिक, भाषण में उत्कर्ष रहा प्रथम

### पदमपुर मोटाढांक स्थिति रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर स्कूल में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरेला पर्व विषय पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवम माध्यमिक स्तर पर आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में नैतिक व भाषण में उत्कर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

निबंध प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर पर नैतिक, हर्षित व हर्षिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में उत्कर्ष पहले, अभिनव दूसरे और समीक्षा तीसरे स्थान पर रही। पूर्व माध्यमिक निबन्ध प्रतियोगिता में मानवी पन्त, शिवांशी रावत व हेमन्त रिखाड़ी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में मानवी पन्त ने पहला, राधिका रावत ने दूसरा और प्राची भदोला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



कोटद्वार के पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

माध्यमिक वर्ग की निबन्ध प्रतियोगिता में प्राची काला प्रथम, साक्षी जदली द्वितीय और सृष्टि रावत तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका राणा ने पहला, मानसी ने दूसरा और आदित्य नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मौके पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट ने कहा कि हमें धरती का सम्मान करते हुए पौधरोपण करना चाहिए, जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ बना रहेगा। इस अवसर पर आचार्य गणेश भट्ट व मधुबाला पांडेय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता प्रमुख आचार्य अशोक कुमार ने किया।

## कोटद्वार से दिल्ली के लिए रात्रि ट्रेन संचालन की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड कर्मचारी संगठन ने कोटद्वार से दिल्ली के लिए रात्रि ट्रेन सेवा आरंभ करने की मांग की है। इस संबध में संगठन महासचिव प्रदीप बडोला ने प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना से पूर्व कोटद्वार से दिल्ली के लिए रात्रि में एक रेलगाड़ी का संचालन होता था, जो नजीबाबाद में मसूरी एक्सप्रेस के साथ जुड़कर सुबह दिल्ली पहुंचती थी और रात्रि में दिल्ली से चलकर अगले दिन सुबह कोटद्वार पहुंचती थी। कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया। अब मसूरी एक्सप्रेस का संचालन आरंभ हो गया है, लेकिन जो ट्रेन कोटद्वार के लिए चलती थी, उसका संचालन बंद है। उस ट्रेन से सभी वर्गों के लोगों को लाभ मिल रहा था। लेकिन वर्तमान में उक्त ट्रेन के न चलने से आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कोटद्वार-दिल्ली रात्रि रेल सेवा को पुनः आरंभ करने अथवा उसके स्थान पर नई रेलगाड़ी चलाने की मांग की है।

# खेल प्रतियोगिता के 8 से 9 आयु वर्ग में मानव, सोनाक्षी रहे अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : मुख्यमंत्री उदीयमान छात्र उन्नयन योजना खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कालेज खैरासैण में किया गया। इस प्रतियोगिता में इंटर कालेज खैरासैण, इंटर कालेज बंदूण, प्राथमिक विद्यालय खैरासैण, नगधार, लवाड, गंवाणा, मलेती, हँडुल, जूनियर हाई स्कूल रैतपुर के लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



नोडल अधिकारी शशि राय प्रधानाचार्य इंटर कालेज खैरासैण और संकुल समंवयक प्रमेन्द्र कुमार ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ रिबन काटकर किया। इस दौरान दौड़, बाल थ्रो, शटल रेस, स्टेंडिंग ब्रोड जम्प, फ्लाइंग रन और फॉरवर्ड बेंड रीच आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बालक 8 से 9 आयु वर्ग में मानव, बालक 9 से 10 आयु वर्ग में शिक्षित भंडारी प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक 10 से 11 आयु वर्ग में आदित्य, दीपांशु, बालक 12 से 13 आयु वर्ग में आयुष रावत, लक्की ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका 8 से 9 आयु वर्ग में सोनाक्षी प्रथम, अनुष्का द्वितीय, बालिका 10 से 11 आयु वर्ग में सोनाली प्रथम, साक्षी द्वितीय, बालिका 12 से 13 आयु वर्ग में तनिषा प्रथम, पायल द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक भूमिका में विनोद बिष्ट, भुवनेश्वर थपलियाल, जगदीश रावत, राजेंद्र पंत, सतीश कुमार, अनिल कुमार रहे। इस मौके पर कांता वर्मा, संतु दास सहित अध्यापक व कर्मचारियों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# यतेंद्र सिंह गुसाईं बने अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जीआईसी जयहरीखाल के अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर यतेंद्र सिंह गुसाईं को अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान एक अगस्त से सुभाष छात्रावास में संचालित हो रहे विद्यालय को पुराने भवन के जी ब्लॉक में संचालित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रधानाचार्य राजेश्वरी धस्माना ने समिति के सदस्यों को कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य राजेश्वरी धस्माना को पदेन उपाध्यक्ष और उर्मिला देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। अभिभावक में से सदस्यों के तौर पर जाकिर हुसैन, आशा देवी, सतपाल नेगी, अनूप नेगी, अध्यापक सदस्यों में सुरेंद्र प्रसाद, जयदीप उनियाल, राजदर्शन सिंह नेगी को शामिल किया गया। बैठक में पीटीए फंड से निर्माण कार्य के दौरान खस्ताहाल विद्यालय प्रांगण की मरम्मत एवं साफ-सफाई कराने का निर्णय भी लिया गया।

# श्री देव सुमन के बलिदान दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में टिहरी जनक्रंति के नायक श्री देव सुमन का 79 वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्री देव सुमन के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को श्री देव सुमन के योगदान के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को महापुरुषों पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों के रोपण के साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद रमोला, प्रकाश चंद्र कैंथोला, प्रमोद रावत, नीरज रमोला, शतीश चंद्र शाह, सुजल राणा, आयुष, अभिषेक, करन पीयूष आदि मौजूद रहे।



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी

## युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा से प्रदेश और देश आगे बढ़ेगा

**पौड़ी** : राठ महाविद्यालय पैठाणी की एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में ड्रग व दूसरे नशे के खतरों को लेकर आयोजित विचार गोष्ठी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैठाणी के मुख्य चिकित्साधिकारी ने नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि समाज को नशे से बचाने के लिए युवाओ को आगे आना चाहिए। कहा कि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा से प्रदेश और देश आगे बढ़ सकता है। मंगलवार को आयोजित विचार गोष्ठी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैठाणी के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य वक्ता डॉ. अंकित धवन ने ड्रग सेवन से मानव जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से शरीर के विभिन्न अंगों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में कहा कि इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहा जा सकता। कहा कि हृदय रोग से लेकर कैंसर तक गंभीर बिमारियां तक होने का खतरा लगातर बना रहता है। एक बार नशे की लत लगने से उससे छुटकारा पाना संभव नहीं है। इसलिए नशे से बचना ही उसका उचित इलाज है। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र चंद, राम सिंह नेगी, डॉ. गोपेश कुमार सिंह, डॉ. राजीव दुबे, राजकुमार पॉल, डॉ. श्याम मोहन सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**पौड़ी** : भोले महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर हंस करुणा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के साथ साथ आत्मविश्वास को बढ़ाना है। प्रतियोगिता में 387 स्कूलों के 8441 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस तरह की यह पहली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख पोखड़ा सुरेंद्र रावत ने बताया कि मंगलवार को प्रथम चरण में एकेश्वर, पोखड़ा, बीरोंखाल ब्लाक के सभी स्कूलों में एक साथ तीन स्तरों पर प्राथमिक, जूनियर व माध्यमिक स्तर पर परीक्षा आयोजित की गई। प्राथमिक स्तर पर संकुल से 5 सर्वोत्तम, जूनियर स्तर पर हर स्कूल से 3 सर्वोत्तम, माध्यमिक स्तर पर हर स्कूल से 5 सर्वोत्तम छात्रों चयन किया गया। चयनित छात्र द्वितीय चरण में प्राथमिक स्तर के प्रत्येक न्याय पंचायत सर्वोत्तम 5, जूनियर स्तर के हर स्कूल के सर्वोत्तम 3, हर माध्यमिक स्कूलों के सर्वोत्तम 5 बच्चे ब्लाक स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ब्लाक स्तर की परीक्षा में हिस्सा लेने वाले हर छात्र को पठन-पाठन सामग्री से पुरस्कृत किया जाएगा। ब्लाक में प्रतिभाग करने वाले तीनों स्तरो के सर्वोत्तम 10 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर बीरोंखाल के ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी पोखड़ा अमित चौहान, एकेश्वर बुशरा, बीरोंखाल वर्षा भारद्वाज आदि शामिल रहे।

# श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर रोपे पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मंगलवार को श्री देव सुमन की पुण्यतिथि पर राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल में फलदार और औषधीय प्रजाति के पौधे रोपे। साथ ही पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान श्री देव सुमन के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई।

प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट व एनएसएस के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी सत्यपाल सिंह रावत, दौलत सिंह गुसाईं, बालमोहन ध्यानी सहित समस्त विद्यालय परिवार के द्वारा आँवला, आम, अमरूद, नींबू, तेजपत्ता, नीम, पूलम आदि प्रजाति के पौधे विद्यालय परिसर में रोपे। इस मौके पर प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट, राजनीति विज्ञान की शिक्षिका श्रीमती दीपिका नैथानी ने श्रीदेव सुमन के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी।

कहा कि श्रीदेव सुमन ने तानाशाही राजशाही के विरुद्ध आंदोलन करते हुए 84 दिन आमरण अनशन किया। जिसके चलते उन्होंने आज के दिन अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था।



श्रीदेव सुमन की पुण्य तिथि के अवसर पर जीआईसी सेंधीखाल में शिक्षक एवं छात्र पौधा रोपते हुए।

ऐसे अमर बलिदानी को विद्यालय परिवार शत-शत नमन करता है। उनकी स्मृति में विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

# बाहरी व्यक्तियों को जमीन बेचने वालों का होगा सामाजिक बहिष्कार



अल्मोड़ा। नगर पालिका सभासदों, नगर व्यापार मण्डल व नगर पालिका के समीप के ग्राम पंचायतों के प्रधानों के द्वारा एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं को लेकर चर्चा की गई तत्पश्चात कुछ निर्णय लिये गए। बैठक में तय हुआ कि जिस भी व्यक्ति द्वारा बाहरी व्यक्तियों को अपनी जमीन बेची जाएगी ऐसे व्यक्तियों का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा और जो व्यक्ति भी बाहर के व्यक्ति को जमीन की दलाली करते हुए पाया गया उसके विरुद्ध भी सामाजिक तौर पर कार्यवाही की जाएगी। ग्राम पंचायतों में जो भी फेरी वाला, सब्जी बेचने वाला, कबाड़ी, मजदूर (नेपाली, बिहारी, मुसलमान) आएंगे इन्हें बिना ग्राम प्रधान की अनुमति के कार्य नहीं करने दिया जाएगा। कोई भी बाहरी व्यक्ति सभासदों या प्रधानों के पास आधार कार्ड बनाने के लिए आता है, तो उसका आधार कार्ड नहीं बनाया जाएगा क्योंकि व्यक्ति कहीं का भी हो आधार कार्ड पूरे भारत में मान्य है। बाहरी व्यक्तियों द्वारा जो भी जमीनें खरीदी गई हैं उनके द्वारा नजूल भूमि को भी खुर्द–पुर्द किया जा रहा है। इन सभी जमीनों की जांच कराई जाए। जो भी व्यक्तियों के पिछलें तीन सालों में स्थाई निवास प्रमाण पत्र बने हैं, उन सभी कि जाँच की जाए, इसके लिए शीघ्र ही जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी। पुलिस सत्यापन में जिन किसी बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जाता है,

## असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर किया मंथन

चम्पावत : असम राइफल्स पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में कैंटीन सुविधा दिलाने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। सैनिक विश्राम गृह में रिटायर्ड सूबेदार मेजर रमेश चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम चौबे और अन्य पूर्व सैनिकों ने कहा कि उन्हें गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के अधीन रखा गया है। इससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने दोहरे कमान को समाप्त कर केवल रक्षा मंत्रालय के अधीन रखने की मांग की। उन्होंने चम्पावत में खुलने वाली सीएसडी कैंटीन में शामिल करने की मांग रखी। अध्यक्ष चौबे ने बल की ओर से पूर्व सैनिकों, आश्रितों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

# अघोषित बिजली कटौती पर भड़के कांग्रेसी



रुद्रपुर : कांग्रेस ने अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार आम जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में भी विफल हो चुकी है। बिजली कटौती पर रोक सहित बिजली से जुड़ी समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को उप नेता सदन भुवन कापड़ी के नेतृत्व में नगर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। विधायक कापड़ी ने कहा कि सरकार बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं देने में भी विफल हो चुकी है। भीषण गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक बिजली कटौती की जा रही है। बिजली के अभाव में जलापूर्ति भी प्रभावित होने से लोगों को पानी की समस्या से भी दो–चार होना पड़ रहा है। सिंचाई के लिए खेतों में पानी नहीं लग पा रहा है। अघोषित बिजली कटौती से व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद बिजली के बिल लगातार बढ़कर आ रहे हैं। ऊर्जा प्रदेश में प्रतिदिन 8 से 10 घंटे बिजली कटौती पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर, नगर अध्यक्ष रवीश भटनागर, नौसर ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह, नरेंद्र आर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी राजकिशोर सक्सेना, नासिर खान, युकां जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्य, महिला जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, कल्पना कन्याल, विद्या देवी, देवेंद्र कन्याल, राजू सोनकर, राशिद अंसारी, रेहान अंसारी, आसिफ, अशरफ, ओमी चंद, हिमांशु तिवारी, पंकज टम्टा, नीरज कन्याल, रवि अग्रवाल, अमित जोशी, अरविंद कुमार, अराफात अंसारी, ताहिर, गुड्डू प्रधान, मनोज कोहली, राहुल, पंकज मेहता, डब्बू, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# राजस्व उपनिरीक्षक तय समय में रिपोर्ट बनाएं : तहसीलदार

रुद्रपुर : तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षकों की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दाखिल खारिज वादों में समय से रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए।

लंबित दाखिल खारिज वादों की जानकारी लेते हुए समय पर रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने विभिन्न प्रमाण पत्रों के आवेदनों की जांच तक निश्चित दिनों के भीतर स्पष्ट आख्या लगाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने कहा कि प्लाटिंग संबंधित भूमि में प्रस्तावित रास्तों को खसरे में दर्ज कर दिया जाए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग मुआवजा से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की। तहसीलदार ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। राजस्व उपनिरीक्षकों से नयी खतौनी तैयार करने पर चर्चा की। तहसीलदार ने कहा कि अंश निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। 50 में से 20 गांवों में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। शेष 30 गांवों में भी अंश निर्धारण की प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। तहसीलदार त्रिपाठी ने राजस्व उपनिरीक्षकों को तहसील क्षेत्र में अवशेष 21 तालाबों का सत्यापन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। यहां रजिस्ट्रार कानूनगो शेखर चन्द्र, राजस्व निरीक्ष बीरेन्द्र लाल, राजस्व उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, भगीरथ लाल, भूपेंद्र सिंह, रामअवतार, दीपक गैड़ा, दीपक कुमार मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिविर में 102 लोगों के आधार कार्ड बनाएं

चम्पावत : सीमांत तामली क्षेत्र में देवभूमि जनसेवा केंद्र में दो दिवसीय आधार कार्ड शिविर लगाया गया। जिसमें 102 लोगों के आधार कार्ड बनाए और सुधारे गए। अधिकतर लोगों के आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि व पता गलत था। जिसका मौके पर सुधार किया गया।

शिविर में ग्राम प्रधान तामली भावना जोशी, पोलप सरिता देवी, बचकोट पुष्कर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज जोशी, महा सिंह, राजेश पाण्डे, प्रेम प्रसाद, राधा देवी ने मदद की।

## आयोग अध्यक्ष ने बुक्सा समुदाय की समस्याओं की ली जानकारी

काशीपुर। जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा ने चक्कीमोड में आयोजित कार्यक्रम में बुक्सा समुदाय की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान लोगों की ओर से छह दर्जन से अधिक समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। पांच लाभार्थियों का मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट बांटी गई। मंगलवार को चक्कीमोड के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लीलावती राणा ने कहा कि आयोग जनजाति समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है। उन्होंने जनजाति समाज के लोगों की समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया। शिविर में विभिन्न विभागों की तरफ से स्टाल लगाए जाने के साथ महिला समूह की ओर से भी प्रदर्शनी और स्टाल लगाए गए। आयोग अध्यक्ष ने स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों को बाजार में उतारे जाने पर गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने की बात कही। शिविर में पांच लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट भी प्रदान की गई।

# चरस तस्करी के अभियुक्त को 10 साल कठोर कारावास, एक लाख अर्थदंड से किया दण्डित



अल्मोड़ा। चरस तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला की अदालत ने आरोपी पर दोष सिद्ध करते हुए दस साल का कठोर कारावास व एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूरन सिंह कैड़ा ने आरएनएस संवाददाता हरीश त्रिपाठी को बताया कि मामला दिनांक 13–11–2021 का है जब एसआई देवेन्द्र सिंह सामन्त, अपने सहकर्मियों के साथ जैंती क्षेत्रान्तर्गत शहरफाटक तिराहे के पास तलाशी अभियान पर थे। जहाँ तलाशी के दौरान अभियुक्त पुष्कर सिंह बिष्ट के कब्जे में थैले से चरस बरामद हुई, जिसका वजन 1 किलो 500 ग्राम निकला। अभियुक्त पुष्कर सिंह बिष्ट से बरामद चरस के बारे में पूछा गया तो उसके द्वारा बताया गया कि वह चरस अपने खेतों व आस–पास उगे भांग के पौधों से तैयार कर अल्मोड़ा में पढ़ने वाले डिग्री कालेज के छात्रों को बेचने के लिए ले जा रहा था। बरामद चरस को मौके पर शील सर्व मोहर कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचनाधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया तथा अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, पूरन सिंह कैड़ा एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्वाल ने न्यायालय को बताया कि अभियक्त पुष्कर सिंह बिष्ट से अवैध चरस बरामद हुई है और अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से चरस का कारोबार किया जा रहा है तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा ने दस्तावेजी साक्ष्यों एवं पत्रावली का परिशीलन कर अभियुक्त पुष्कर सिंह बिष्ट पुत्र विरेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी पदमपुरी थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 साल का कठोर कारावास व एक लाख रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर 4 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास से दंडित किया गया है।

# जनपद प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने जनपद में आपदा की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश



अल्मोड़ा। मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा डॉ धन सिंह रावत ने मंगलवार को अल्मोड़ा पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर लोगों को राहत दिलाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में विशेष सतर्कता बरतते हुए अवरुद्ध सड़कों को खोलने हेतु त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने निर्देश दिए कि राशन वितरण, विद्युत वितरण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, गैस आपूर्ति बनाए रखें। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए डॉ धन सिंह ने बताया कि तीन महीने का राशन हर गाँव में पहुंच गया है। पेय जल की किसी भी ग्राम सभा में लाइन नहीं टूटी है। विद्युत विभाग में भी कोई परेशानी नहीं है और पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य को मिलाकर केवल 9 सड़कें बंद हैं, जिन्हें बुधवार तक खोलने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने अल्मोड़ा जनपद को 20 करोड़ रुपये आपदा के लिए दिए हैं। विभाग जल्दी से आकलन कर गांवों में गौशाला, गांव के रास्ते, गांव की परेशानी और स्कूलों के लिए इस पैसे का उपयोग करें, ताकि उसका पैसा उन्हें मिल सके। बरसात में पानी साफ रूप से घरों तक पहुंच सके, इसके लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ रावत ने बताया कि 1 अगस्त से 30 सितंबर तक हम 15 हजार गाँवों में स्वास्थ्य चौपाल लगाने जा रहे हैं। इसका नाम 'आयुष्मान सभा' रखा गया है, जिसमें हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा और गाँव में ही हर व्यक्ति की डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जाएगी। अब तक 55 लाख लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं और साढ़े सात लाख लोगों का इलाज कराया जा चुका है और अगर किसी को अभी भी परेशानी हो रही है तो उसको भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

आपदा के समय मरीज को 108 एम्बुलेंस से लाने का समय अल्मोड़ा जनपद के लिए 20 से 25 मिनट का कर दिया गया है। सब्जियों की बढ़ी कीमत को लेकर रावत ने कहा की अगर कोई आपदा में मूल्य वृद्धि करता है तो उसके लिए भी कानून है और वह कृषि मंत्री से भी इस सम्बन्ध में वार्ता करेंगे।

# मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर लगाया जाए राष्ट्रपति शासन

काशीपुर। बसपा कार्यकर्ताओं ने मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी और हिंसा के विरोध में एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कार्यकर्ताओं ने दोषियों को फांसी की सजा देने तथा मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे बसपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सीमा विश्वकर्मा को सौपा।

ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ की जा रही अपमानजनक घटनाओं और हिंसा को रोकने में केंद्र एवं मणिपुर राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। राज्य के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। दोषियों को मृत्युदंड दिए जाने के साथ मृतकों के परिवारों को दो–दो करोड़ रुपये का मुआवजा देने, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में डॉ. बीएस गौतम, सतपाल सागर, ओमप्रकाश सिंह, निर्मल सिंह, तेज प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, रवि राज, नसीम अहमद, रिजवान अहमद, विनीत शर्मा आदि शामिल रहे।

**पूरे दमखम से निकाय चुनाव लड़ेगी बसपा**

जसपुर। बसपा के प्रदेश सचिव राजेश गौतम ने कहा कि पार्टी प्रदेश में निकाय चुनाव पूरे दमखम से लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। मंगलवार को अध्यक्ष पद प्रत्याशी हाजी जाहिद हुसैन के कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश सचिव गौतम ने कार्यकर्ताओं से बूथ एवं सेक्टर कमेटियों का गठन कर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा। इसके बाद सेक्टर एवं बूथ कमेटियों का गठन भी किया गया। यहां ओमप्रकाश सिंह, डॉ. बीएस गौतम, सत्यपाल सागर, तेज प्रकाश सिंह, रामअवतार मौर्य, निर्मल सिंह सैनी, रवि कुमार रहे।

**आरोपियों को दी जाए कड़ी सजा**

काशीपुर। आम आदमी पार्टी ने मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अपमानजनक घटनाओं की कड़ी भर्त्सना करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

# आपदा प्रभावितों के साथ दिन–रात सहयोग में लगी सरकार



बागेश्वर। भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि वर्षाकाल चल रहा है। आपदा से लगातार नुकसान हो रहा है। प्रभावितों को हरसंभव मदद सरकार कर रही है। विपक्षी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा जिला प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता प्रभावितों के बीच हैं।भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। विपक्ष को कोई मुद्दा नहीं मिल रहा है। वह आपदा को मुद्दा बना कर अनर्गल बयानबाजी कररहे हैं। बताया कि आपदा के दौरान जिले में नौ आंशिक और 18 मकान पूर्ण ध्वस्त हैं। प्रभावितों को सहायता दी जा रही है। जांच प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई संभव है।

## नशे ने किया पहाड़ को बर्बाद, इसे जड़ से खत्म करना जरूरी

बागेश्वर। सीनियर सिटीजन वरिष्ठ न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है की समाज को नशे से बचाने के लिए हम आगे नहीं आएंगे तो आने वाला भविष्य काफी भयावह होने वाला है। उन्होंने बताया की नशे से पीड़ित बच्चों को बचाने के लिए हम सबको पहल करना जरूरी है। बच्चों की काउंसिलिंग करानी जरूरी है। न्यास बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाएगा। स्कूलों में जाकर बच्चों में जागरूकता फैलाया जाएगा।

# आयुष्मान भारत योजना कार्ड धारकों को मुफ्त मिलेगी एमआरआई की सुविधा



अल्मोड़ा। जनपद प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मंगलवार को बेस अस्पताल अल्मोड़ा में 12.5328 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी सौगात है।

इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया कि अब अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ वासियों को एमआरआई के लिए हल्द्वानी नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को बड़ी रकम खर्च करके हल्द्वानी या देहरादून एमआरआई के लिए जाना पड़ता था, अब यहीं पर एमआरआई की सुविधा होने से लोगों की समय तथा पैसों की भी बचत हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले परिवारों के लिए यहां पर मुफ्त में एमआरआई की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रिंसिपल सीपी भैंसोड़ा समेत अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नदी में गिरी कार, शिक्षक घायल



अल्मोड़ा। बाड़ेछीना सेराघाट मोटर मार्ग में मंगलवार को शिक्षक की कार असंतुलित होकर सड़क से नीचे नदी में जा गिरी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिक्षक को उपचार के लिए पीएचसी सेराघाट ले जाया गया। जहां शिक्षक का उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मंगलवार अपराहन करीब 2:30 प्राइमरी पाठशाला घुन्योली (ब्लॉक भैंसियाछाना) में तैनात शिक्षक जगदीश प्रसाद आगरी अपनी कार संख्या यूके05सी 7320 से स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर फड़ियाली गणाई गंगोली वापस लौट रहे थे। जगदीश बाड़ेछीना सेराघाट मोटर मार्ग के मंगलता देवी मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि एकाएक कार अनियंत्रित होकर लगभग 80 मीटर नीचे जैगन नदी में जा गिरी। संयोग से जगदीश प्रसाद कार से बाहर छिटक गए, जिस कारण वह झाड़ियों में अटक गए, अलबत्ता कार के परखच्चे उड़ गए। घायल शिक्षक को स्थानीय लोगों की मदद से खाई से बाहर निकालकर उपचार के लिए पीएससी सेराघाट पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## बिजली चोरी में चार पर केस दर्ज

काशीपुर। कटिया डालकर बिजली चोरी करने के मामले में एसडीओ ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसडीओ मदनलाल ने कहा 22 जुलाई को वह जेई मो. अजहर, लाइनमैन हरीश कुमार के साथ विद्युत लाइन का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान मुन्नी देवी, विजय कुमार, नरेंद्र जोशी, सरिता जोशी निवासी मोहल्ला जोशीयान ने बिजली की लाइन में कटिया डाल रखी थी। पुलिस ने चारों के खिलाफ अलग–अलग रिपोर्ट दर्ज की है।

# मणिपुर हिंसा रोकने व पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग



बागेश्वर। मणिपर हिंसा की रोकथाम करने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए उत्तराखंड अनुसूचित जाति कल्याण समिति मुखर हो गई है। समिति ने एसडीएम के माध्मम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ज्ञापन में बताया गया कि मणिपुर राज्य विगत तीन महीने से अशांत और धधक रहा है। आए दिन हजारों मकानों को जलाया जा रहा है। हजारों परिवार बेघर होकर राहत कैंपों में शरण ले रहे हैं। मां बहनों बेटियों बच्चों के साथ आए दिन दुष्कर्म और उन्हें अपमानित किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश और दुनिया को भी दिख रहा है। इस कारण विदेशों में भी भारत की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा जातिगत राजनीति की आड़ में महिलाओं, नाबालिक बच्चों के साथ मारपीट हत्या और निर्वस्त्र कर छेड़खानी की जारी है।

# कपरवाण को बनाया केंद्रीय अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल के 24वें महाधिवेशन में डा. शक्तिशैल कपरवाण कों केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कपरवाण के नाम का प्रस्ताव महानगर अध्यक्ष जगदीप सिंह रावत ने रखा और संजीव भट्ट व दीपक मधवाल ने सदन में अनुमोदन किया। मवाकोट स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस-ाअवसर पर रिटायर्ड आईएएस सुरेंद्र सिंह पांगती को संरक्षक नियुक्त किया गया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए वक्ताओं कहा कि यूकेडी को नई दशा दिशा और कलेवर के साथ जनता के बीच ले जाया जाएगा । उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए ग्रास रूट एक्शन प्लान पर काम किया जाएगा। पंचायत स्थानीय निकाय और कॉलेज स्तर पर संगठन बनाएंगे और आम समस्याओं पर आंदोलन करेंगे। सबसे पहले हमें पार्टी की छवि को सुधार कर जनता का विश्वास जीतना है। डा. कपरवाण ने कहा




कि हम चाहते थे कि अधिवेशन गैरसैंण में हो। लेकिन, वरिष्ठ नेता गण सहमत नहीं हुए। चुनाव ही नहीं कराना चाहते। बाध्य होकर कोटद्वार में महाअधिवेशन करना पड़ा। महाधिवेशन में हमने सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था। जनता में यूकेडी नेतृत्व की बदलाव की लहर थी, कार्यकर्ता भी नेतृत्व में बदलाव चाहता था। जन भावनाओं को ध्यान रखते हुए नेतृत्व परिवर्तन करने पर बाध्य होना पड़ा। इस अवसर पर संरक्षक एसएस पांगती ने कहा कि सैनिक-अर्धसैनिक संगठन यूकेडी को पूर्ण समर्थन देना चाहते थे, परन्तु इनकी गुटबाज़ी के कारण यूकेडी समर्थन लेने में सक्षम नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को एक सशक्त क्षेत्रीय दल की आवश्यकता है। डा. कपरवाण के नेतृत्व वाले दल पर हमने विश्वास किया है। अधिवेशन में कुल 31 प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें 19 प्रस्ताव उत्तराखंड स्तर के और 12 प्रस्ताव महानगर कोटद्वार के अंतर्गत के हैं। प्रस्ताव में मूल निवास 1950, भू-कानून, चकबंदी, जल जंगल जमीन पर जनता का अधिकार, जल विद्युत योजनाओं में 50 प्रतिशत हिस्सा उत्तराखंड को दिया जाए। पहाड़ी क्षेत्र के लिए पृथक विकास योजनाएं बनाई जाएं, पहाड़ों में आईटी पार्क खोले जाएं, भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण के लिए कठोर लोकायुक्त का गठन किया जाए, जिसके अधीन मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव भी हों, उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड की संपत्ति को मुक्त किया जाए, कण्व आश्रम को राष्ट्रीय तीर्थ के रूप में विकसित किया जाए, कालागढ़-चिल्लरखाल (कोटद्वार) नेशनल हाईवे बनाया जाए, कोटद्वार मोटर नगर का निर्माण आरंभ किया जाए आदि सम्मिलित हैं। अधिवेशन स्वागत समिति के अध्यक्ष जगदीपक रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, पित्रशरण जोशी, श्रवण सिंह रावत, पीसी थपलियाल, पार्षद परवेन्द्र सिंह रावत, संजीय भट्ट, दीपक मधवाल, रमेश कोठारी, सर्वेद्र काला, योगम्बर सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत, पंकज डबराल, दर्शन सिंह नेगी, विनोद चौधरी, विनय भट्ट, अमित नेगी, जगमोहन रावत, राजपाल रावत, अशोक कण्डारी, श्रीमती शेखरी रावत, मनोरमा काला आदि ने प्रस्तावों पर चर्चा की। अधिवेशन का संचालन प्रवेश चंद्र नवानी ने किया।

## शिक्षकों के साथ मारपीट व अभद्रता पर भड़का संघ

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय शिक्षक संघ टिहरी ने जौनपुर के थत्यूड़ बाजार में शिक्षकों के साथ हुई मारपीट व अभद्रता किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है।

शिक्षक संघ ने एसएसपी टिहरी को पत्र प्रेषित करते हुए उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में शिक्षक संघ टिहरी के जिलाध्यक्ष दिलवर सिंह रावत ने कहा कि बीते सोमवार को राइंका एवं राबाइंका थत्यूड़ के शिक्षक अन्य स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ अपने निजी वाहनों से स्कूलों में जा रहे थे, लेकिन टैक्सी यूनियन के कुछ लोगों ने शिक्षकों के वाहन रोककर उनके साथ मारपीट कर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। जिससे शिक्षकों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने उक्त प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। (एजेंसी)

## छात्रावासों में गंदे पानी की आपूर्ति होने पर आक्रोशित छात्रों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला व चौरास परिसर स्थित छात्रावासों में पेयजल व्यवस्था चरमराने व टंकियों से गंदे पानी की आपूर्ति होने के विरोध में छात्रों ने मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने विवि व छात्रावास प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा छात्रावासों में पानी की टंकियों से गंदा पानी आ रहा है, जिसे पीकर छात्र बीमार हो रहे हैं। उन्होंने छात्रावासों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

मंगलवार को छात्रम छात्र संगठन कार्यकर्ताओं ने पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष अनमोल भंडारी व विवि प्रतिनिधि अमन पंवार के नेतृत्व में गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में मुख्य छात्रावास अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि छात्रावासों की स्थिति दयनीय बनी है। कहा लेकिन छात्रहित में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कहा बिड़ला परिसर में अलकनंदा, चौखंबा, त्रिशूल छात्रावासों में रह रहे छात्रों में गंदा पानी पीने से टायफाइड की शिकायत हो रही है। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में बारिश का पानी टपकने, पानी के फिल्टर नहीं या खराब होने व कमरों में सीलन सहित कई समस्याएं हैं। मौके पर पहुंचे प्रभारी मुख्य छात्रावास अधीक्षक डा. बृजेश गांगिल ने छात्रों की समस्याएं सुनने के बाद समाधान का भरोसा दिया। इस मौके पर डा. सुरेंद्र कुमार, छात्रनेता रुपेश नेगी, अमन रावत, विमल बहुगुणा, गणेश प्रजापति, अमन झा, प्रथम राठी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बलिदान दिवस पर श्रीदेव सुमन को दी श्रद्धांजलि

टिहरी : विभिन्न समाजिक व राजनैतिक संगठनों ने संयुक्त रुप से जनक्रांति के द्योतक अमर शहीद श्रीदेव सुमन के बलिदान दिवस पर नई टिहरी सुमन पार्क से जेल परिसर सुमन की कोठरी तक जनगीतों और श्रीदेव सुमन जी अमर रहें नारों के साथ एक पैदल मार्च किया। श्रीदेव सुमन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बौराड़ी ओपन मार्केट होते रैली निकालने के बाद मिलन केंद्र में एक गोष्ठी का आयोजन कर चर्चा की गई।

मंगलवार को सुमन दिवस पर पैदल मार्च संयुक्त रुप से उतराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी, नागरिक मंच, सर्वोदय आंदोलन, जिला बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल सहित अन्य समाजिक-राजनैतिक दलों ने किया। श्रीदेव सुमन को लेकर मिलन केंद्र में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने श्रीदेव सुमन की जीवनी और उनकी शहादत की अमर गाथा का उल्लेख करते हुए सुमन के बलिदान को चिरस्मरणीय रखने के लिए क्या खोया क्या पाया पर चर्चा की। देश में सामाजिक सौहार्दय बनाये रखने की अपील भी की। इस मौके पर धूम सिंह नेगी, विजय जड़धारी, भुवन पाठक, जगदम्बा रतूड़ी, राजीव नयन बहुगुणा, महिपाल नेगी, शांति प्रसाद भट्ट, त्रिलोक भट्ट, सतीश धोलाखंडी, ज्योति प्रसाद भट्ट, जय प्रकाश पांडे, राकेश राणा,सूरज राणा, नरेन्द्र चंद रमोला, साब सिंह सजवान, बाबी पंवार, प्रभा रतूड़ी, राजेंद्र असवाल, अरण्य रंजन, उत्तम तोमर, बीना सजवान, दर्शनी रावत, मुन्नी देवी, मुरारी लाल खंडवाल, किशन सिंह रावत, हरेंद्र तोपवाल, विक्रम सिंह कठैत, समीर रतूड़ी, कुलदीप पंवार, शक्ति जोशी, अनिल सकलानी, वीपी बधानी, सतेंद्र चौहान, नवीन सेमवाल, रमेश रतूड़ी, विनोद बडोनी, शंभु भंडारी, गंगा भगत नेगी, हरिओम में विभिन्न संगठनों, दलों के पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## श्रीदेव सुमन की पुण्य तिथि पर सुमन वाटिका स्थापित की

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास श्रीनगर में टिहरी जन क्रांति के नायक शहीद श्रीदेव सुमन को बलिदान दिवस पर याद किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने क्रांतिकारी श्रीदेव सुमन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विद्यालय के छात्रों को उनके बलिदान और उनके द्वारा किए गये साहित्यिक, सामाजिक और साहसिक कार्य में बारे में जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर क्रांतिकारी श्री देव सुमन की पुण्यतिथि पर होली एंजिल स्कूल देवली कीर्तिनगर में इन्टरेक्ट क्लब के बच्चों ने विद्यालय में सुमन वाटिका स्थापित की। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश जोशी, इन्टरेक्ट क्लब के साक्षी राणा आदि मौजूद रहे।

## पैंडुला-मैखंडी मोटर मार्ग की बदहाली पर भड़का प्रधान संगठन

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम पैंडुला-कंडोली, अमरोली, मैखंडी मोटरमार्ग पर पानी की निकासी और सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने पर प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर जल्द मार्ग की स्थिति ठीक करने की मांग की।

प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि पैंडुला–कंडोली, अमरोली, मैखंडी मोटरमार्ग पर निकासी की व्यवस्था सही नहीं है। जिससे सड़क में गडढ़े पड़े होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसके कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। कहा कई बार लोनिवि के अधिकारियों से कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। कहा पुनः लोनिवि के अधिकारियों को इस संदर्भ में ज्ञापन दिया गया है। यदि इसके बावजूद स्थिति नहीं सुधरी तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

# गांजे की तस्करी में शामिल दस हजार का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल की धुमाकोट पुलिस को दस हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा अवैध तस्करी कर अर्जित की गई सम्पत्ति की जांच भी पुलिस ने शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि बीती फरवरी को धुमाकोट पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुरादाबाद निवासी रणधीर सिंह को दुनाव के पास से करीब 13 लाख अंतरराष्ट्रीय कीमत की 85 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी को वाहन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने ग्राम भगल्वाड़ी, बुरांशपानी, कुलान्तरेश्वर, थाना सल्ट, जिला अल्मोड़ा निवासी सनोज सिंह नेगी नाम के लड़के से यह गांजा 1 लाख 22 हजार में खरीदा था। एसएसपी ने बताया



कि मामले में संलिप्त आरोपी सनोज अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग प्रदेशों में पिछले 5 माह से छुपा हुआ था। एसएसपी ने आरोपी सनोज पर दस हजार का ईनाम घोषित किया। बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी सनोज को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि आरोपी सनोज नेगी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से कमाई गई चल-अचल संपति की भी पौड़ी पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। एसएसपी ने जानकारी दी कि आरोपी सनोज सिंह ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने पूर्व में मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रणधीर को 85 किलो गांजा 1 लाख 22 हजार रूपये में बेचा था। कुछ दिन पहले पुलिस मुझे गिरफ्तार करने के लिए मेरे गांव भगल्वाड़ी अल्मोड़ा आई थी, उस समय वह खेतों में काम करने गया था, जिस कारण उसे पुलिस नहीं पकड़ पाई। इसलिए वह गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली में छुपा था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक तिवाड़ी, मुख्य आरक्षी राकेश आजाद, संतोष, हरीश शामिल रहे।

# सीडीओ ने किया हिलांस आउटलेट का उदघाटन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने मंगलवार को गढ़वाल मंडल विकास निगम, गोपेश्वर में हिलांस आउटलेट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हिलांस आउटलेट से स्थानीय उत्पादों को पहचान मिलने के साथ ही महिला सशक्तिकरण व आजीविका संवर्धन में मदद मिलेगी।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (आईएलएसपी) के अन्तर्गत ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के उद्देश्य से जिले में गढ़वाल मंडल विकास निगम के सभी गेस्ट हाउस में हिलांस आउटलेट का संचालन शुरू किया गया है। हिलांस आउटलेट पर जिले की समस्त सहकारिता एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा उत्पादित एवं प्रसंस्कृत स्थानीय खाद्य उत्पादों का



विपणन किया जाएगा। इसमें मंडुवा, झंगोरा, स्थानीय दालें, लाल चावल, भोजपत्र पर आकर्षक चित्रित एवं लिखित सोवेनियर, लैंटाना से बने फर्नीचर आदि उत्पाद शामिल है। हिलांस आउटलेट से जिले में गठित 1516 स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 10556 महिला किसान समूहों को बाजार के नए अवसर मिलने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस मौके पर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, जिला मिशन प्रबंधक केके पंत, जिला परियोजना प्रबंधक मामराज चौहान, ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के समस्त सहायक प्रबंधक मौजूद थे।

## चार दिन बाद खुला यमनोत्री हाईवे

उत्तरकाशी : यमुनोत्री हाईवे ओजरी डबरकोट में चौथे दिन यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। इसके साथ ही यमुनोत्री धाम की यात्रा भी चालू हो गई है। हालांकि, बारिश के बीच डबरकोट की पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने की संभावना के बीच मार्ग कभी भी यातायात के लिए बाधित हो सकता है।क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे पर डबरकोट में पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थरों के कारण यमुनोत्री हाईवे तीन दिनों तक बंद रहा, जिसे मंगलवार को दोपहर बाद यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया। बीते सात सालों से यमुनोत्री हाईवे पर नासूर बने डेंजर जोन डबरकोट पहाड़ी का आज भी अस्थाई ट्रीटमेंट नहीं किया जा सका है। जिस कारण बारिश होते ही डबरकोट में पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला जारी हो जाता है और यहां बार–बार हाईवे बंद हो जाता है। इस समय भी बीती 22 जुलाई से डबरकोट में पहाड़ी से गिर रहे पत्थरों के कारण यमुनोत्री हाईवे तीन दिन तक बंद रहा, जिसे मंगलवार को चौथे दिन खोला जा सका। बारिश के कारण पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थरों के कारण मार्ग को खोलने में बाधा उत्पन्न होती है। (एजेंसी)

## समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे बीईओ देवप्रयाग और कीर्तिनगर

टिहरी : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में वर्ष 2022-23 की परिषदीय परीक्षा के परिणामों की समीक्षा करने के लिए सीईओ ललित मोहन चमोला की अध्यक्षता में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों व बीआरसी समन्वयकों की बैठक आहूत की गई।

समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम डायट प्राचार्य आरपी डंडरियाल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम पर विषयवार एवं विकासखण्डवार चर्चा की। बैठक में बीईओ देवप्रयाग और कीर्तिनगर की अनुपस्थिति पर सीईओ और प्राचार्य ने गहन नाराजगी जाहिर की। बैठक में जनपद टिहरी गढ़वाल में 40 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले विद्यालयों पर चर्चा करते हुए इसके कारणों का पता करने के लिए सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कहा गया। प्राचार्य डंडरियाल ने कहा कि इस वर्ष होने वाले प्रशिक्षण में उन्हीं अध्यापकों को प्रतिभाग करवाएं।

## बरसात सीजन के दौरान सर्तकता बरते : एसएसपी

उत्तरकाशी : एसपी अर्पण यदुवंशी ने थाना पुरोला का औचक निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को बरसात सीजन के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के आपदा उपकरणों की स्थिति, मालखाना एवं थाना कार्यालय का जायजा लिया। मानसून सीजन के दृष्टिगत एसओ पुरोला को आपदा उपकरणों को हर समय चालू हालत में रखने को कहा। साथ ही किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित पुलिस राहत व बचाव कार्य करने के निर्देश दिये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत प्रभावी सूचना तंत्र बनाए रखने और बाहरी व्यक्तियों के पुलिस सत्यापन के साथ ही संदिग्धों पर लगातार निगरानी के जरूरी निर्देश दिये। (एजेंसी)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **ई–निविदा सं0 07/EDDK/23–24** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 27.07.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 28.07.2023 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 28.07.2023 एवं समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार

पत्रांक : 1925/विविखको/टी–6 दिनांक : 25.07.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## भारी बारिश से चिन्यालीसौड़ में खासा नुकसान

उत्तरकाशी : जिले में सोमवार रात को हुई भारी बारिश के चलते चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में खासा नुकसान पहुंचा है। यहां चार आवासीय भवनों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है। जबकि कई पैदल एवं संपर्क मार्ग प्रभावित हुए है। जिनका आंकलन करने के लिए राजस्व विभाग की ओर से सर्वे कर फौरी राहत दी जा रही है। मंगलवार को जिले में चिन्यालीसौड़ में भारी बारिश हुई। इससे नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या एक बड़ेंथी में प्रमोद कुमार, जयराज, दिल्लू व अखिलेश के भवन व आंगन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं अन्य साभी छह वार्डो में पैदल मार्ग सहित अन्य नुकसान पहुंचा है।

# ईको टूरिज्म के लिए प्रस्तावित योजनाओं की डीपीआर शीघ्र तैयार करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को जिला स्तरीय ईको टूरिज्म विकास समिति की बैठक ली।

उन्होंने निर्देशित किया कि ईको टूरिज्म के लिए प्रस्तावित योजनाओं की डीपीआर शीघ्र तैयार की जाए और सभी प्रस्तावों का तकनीकी परीक्षण (टीएसी) कराने के बाद शासन को भेजा जाए। ताकि स्वीकृति मिलने पर इको टूरिस्ट स्थलों में जल्दी से विकास कार्य शुरू किए जा सके।वन विभाग द्वारा ईको टूरिज्म के तहत पहले चरण में माणा-सतोपंथ, माणा-वसुधारा, लोहाजंग-भेंकलताल-ब्रह्मताल, वाण-बेदनी-रूपकुंड, वाण-आली-



घेस-बगजी, चन्द्रशिला-कांचुला खर्क ट्रैक मार्गों सहित मंडल में बर्ड वाचिंग को प्रस्तावित किया गया है। ट्रैक मार्गों पर सुधारीकरण के साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, साइन बोर्ड, प्राकृतिक सामग्री से निर्मित बैंच, जल स्त्रोतों का पुर्नद्वार, ग्रीन टॉयलेट, डस्टबिन आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बैठक में उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, सीएओ वीपी मौर्य, सीएचओ तेजपाल सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी एसएस राणा आदि मौजूद थे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 11.08.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 10.08.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 05/2023–24 | रू0 500/– | वि0वि0 उपखण्ड स्यूसी–थैलीसैण–रिखणीखाल के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलना का कार्य। | 25000.00 |

पत्रांक : 521/विविखनै/टी–6
दिनांक : 25.07.2023

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## सम्पादकीय

# "सेतु" से विकास का लक्ष्य

राज्य के राज्य के सुंयोजित विकास की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए आदेश जारी कर दिए हैं प्रोग्राम उत्तराखंड में राज्य योजना आयोग को समाप्त करते हुए इसके स्थान पर स्टेट इंस्टिट्यूट फॉर एंपावरिंग और ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) के गठन को राज्यपाल द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यह संस्था ठीक केंद्रीय योजना आयोग द्वारा परिवर्तित किए गए नीति आयोग की तर्ज पर ही गठित की गई है जो उत्तराखंड के समग्र विकास योजना एवं नियोजन को तय करेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर कैबिनेट में पास किए गए प्रस्तावों को वैधानिक रूप दिखाने में अपने नेतृत्व की क्षमता का प्रदर्शन किया है। सेतु का उद्देश्य उत्तराखंड को सशक्त उत्तराखंड के तौर पर 2025 तक लक्ष्य के लिए निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री स्वयं इसके अध्यक्ष होंगे जबकि नियोजन मंत्री उपाध्यक्ष और तीन सलाहकार भी नियुक्त किए जाएंगे। इन सभी सदस्यों का कार्य राज्य के नागरिकों के विकास की जनोपयोगी कल्याण योजनाओं को पूरा करने के लिए एजेंडा तैयार करना होगा। नीति आयोग की तर्ज पर बनाई गई यह नई संस्था "सेतु" नागरिकों की भूमिका राज्य के विकास में तय करेगा जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। यही नहीं सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भी संस्था उत्तरदाई होगी ताकि एक भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली स्थापित हो सके। "सेतु" राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर बनाने की दिशा में प्रमुखता से काम करेगा, जबकि राज्य में संसाधनों के प्रयोग को लेकर भी नीतियां तैयार की जाएगी। इस पूरी कार्यप्रणाली में सबसे महत्त्वपूर्ण यह होगा कि क्या सरकार पुराने ढर्रे को छोड़कर नई व्यवस्था को और पुख्ता तरीके से प्रभावी बना सकेगी। राज्य को तकनीकी तौर पर मजबूत बनाने की दिशा में "सेतु" महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ऐसी अवधारणा इसके गठन के समय ही सुनिश्चित कर ली गई थी। यही कारण है कि इसके गठन के लक्ष्य में सरकार के प्रत्यक्ष और उत्तरदायित्व को प्रौद्योगिकी के प्रयोग से भी जोड़ा गया है। आमतौर पर देखा जाता है कि सरकारें पुरानी व्यवस्थाओं को बदलने के लिए उसे नए कलेवर में डालने का प्रयास करती है लेकिन व्यवस्थाएं बदलने के बावजूद कार्यशैली नहीं बदलती जिस कारण लक्ष्य हासिल नहीं हो पाते हैं। उम्मीद की जा सकती है कि राज्य के विकास की दिशा में स्टेट इंस्टिट्यूट फॉर एंपावरिंग और ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) का बदला हुआ रूप राज्य के विकास और नियोजन के लक्ष्य को परिणाम में बदलने में कामयाब रहेगा।

# 38 साल से तानाशाह को झेलता कंबोडिया!

**श्रुति व्यास**

एक वक्त था जब किस्से–कहानियों में कंबोडिया का जिक्र होता था। इस देश का बहुत गौरवशाली अतीत रहा है। महान खमेर साम्राज्य की शानो–शौकत,राजाओं के दिव्य और विशाल अंकोरवाट मंदिर के चर्चे थे।कोई 692 साल चले खमेर साम्राज्य की धन–संपदा अकूत थी। लेकिन वक्त सोने की लंका को भी मिट्टी में मिला देता है। सो खमेर साम्राज्य भी समय के साथ धूल में मिला।



उर्फ कंपूचिया सदियों बाद एक राष्ट्र के रूप में फिर उभरा तो एक खलनायक, लम्पट देश बना। सन् 1975 से 1979 के बीच वह 'कंपूचिया जनतंत्र' कहलाता था। उसकी बागडोर कम्बोडियाई कम्युनिस्टों के एक समूह के हाथों में थी। उसने वहां एक खूनी क्रांति की। अपने ही लोगों का नरसंहार किया। देश के 70 लाख लोगों में से कम से कम 17 लाख मारे गए। उस खूनी क्रांति का क्रूर नेता पोल पोट था

भयावह काल के बाद कम्बोडिया ने अपना पुनर्निर्माण करने और भव्य अतीत को दुबारा जीने का प्रयास किया। इस बार लोगों को उम्मीद थी कि उनका देश असली लोकतंत्र बनेगा। लेकिन आज चार दशक बाद भी, कंबोडिया, जो लगभग 1.60 करोड़ आबादी वाला विकासशील राष्ट्र है, अपने खूनी अतीत को भुला नहीं सका है। उसका आज भयावह है और कल अंधकारमय। खमेर रूज के पतन के 44 साल बाद भी स्थितियां लगभग वैसी ही हैं।

हुन सेन 38 साल से वहां के प्रधानमंत्री हैं। वे पहले खमेर रूज से जुड़े हुए थे और 1985 से सत्ता पर काबिज हैं। वे कम्युनिस्ट कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी के नेता हैं और 'चुनाव' के बाद, जिसके लिए कंबोडियाईयों ने 23 जुलाई को वोट डाले, वे न केवल दुनिया में सबसे अधिक समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री बन जाएंगें बल्कि खमेर साम्राज्य के बाद सर्वाधिक समय तक कंबोडिया पर शासन करने वाले व्यक्ति भी। वे एक विवादास्पद नेता हैं। पश्चिमी देश उनके शासन के आलोचक रहे हैं और जनता उनसे डरती है। जिन्हें पता न हो उनकी जानकारी के लिए रविवार को कंबोडिया में हुआ मतदान वहां का सातंवा आमचुनाव था। लेकिन मतदाताओं के सामने केवल एक विकल्प है झ्र हुन सेन की पार्टी। कई हफ़्तों तक चले चुनाव अभियान और विरोधियों के खिलाफ कार्यवाहियों के दौर के बाद हुन सेन की सत्ताधारी कंबोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) ही अकेली चुनावी मैदान में है। विपक्षी सांसदों के अनुसार उन पर कई हिंसक हमले हुए, ह्यूमन राईट्स वाच की रपट के अनुसार जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आते गए, सरकार द्वारा राजनैतिक विरोधियों को डराने–धमकाने और मनमानी गिरफ्तारियां करने की घटनाएं बढती गईं। मई में सरकार ने एक तकनीकी मुद्दे को आधार बनाकर देश के सबसे प्रमुख विपक्षी दल, कें‌डिललाईट पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया। राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दस्तावेजों में ऐसी कमियां थीं जो पिछले साल हुए स्थानीय चुनाव लडऩे में बाधक नहीं थीं। स्थानीय चुनावों में कें‌डिललाईट पार्टी को 22 प्रतिशत वोट मिले थे। और विश्लेषकों का कहना है कि हुन सेन को इस पार्टी में स्वयं के लिए खतरा नजर आया।

विपक्ष को कुचलने के अलावा, हुन सेन असहमति और आलोचना को भी कुचलते रहे हैं जिससे मजबूर होकर कई लोग देश छोडक़र भाग गए है। मीडिया के खिलाफ भी कार्यवाहियां हुई हैं। वहां के सबसे बड़े मीडिया संस्थान वाईस आफ डेमोक्रेसी पर हुन सेन ने उन पर और उनके पुत्र पर हमले करने और उनकी 'प्रतिष्ठा व गरिमा' को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए था। इसके बाद इस वर्ष के शुरू में इस संस्थान पर ताला लगने के बाद वहां अब स्वतंत्र मीडिया जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं बचा है। पिछले माह वहां के टेलिकॉम रेगुलेटर ने इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियों और तीन दूसरे समाचार माध्यमों की वेबसाईटों को ब्लाक करने का आदेश दिया। और हां, अब हुन सेन को प्रधानमंत्री कहकर संबोधित नहीं किया जाता है। सन् 2016 में समाचारपत्रों, रेडियो और टेलीविजन संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि हुन सेन की छः‌ह शब्दों की मानद पदवी का जिक्र उनसे संबंधित सभी खबरों की शुरूआती पंक्तियों में करें अन्यथा उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। इस पदवी का अनुवाद लगभग यह होगा झ्र ''दैवीय प्रधानमंत्री एवं सेना के सर्वोच्च सेनापति" हुन सेन को यह पदवी कंबोडिया के सम्राट नोरोडोम सिम्होनी द्वारा सन् 2007 में दी गई थी।अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हुन सेन को न केवल अपने निरंकुश शासन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ता है बल्कि चीन से संबंध प्रगाढ़ करने के कारण भी उन्हें बुरा–भला कहा जाता है। उनके जरिए कंबोडिया में चीन का सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक दबदबा बहुत बढ़ गया है, जिसके चलते कंबोडिया लगभग चीन का पिछलग्गू बन गया है। इन तमाम कमियों और दबावों के बावजूद हुन सेन चाहेंगे कि उनके राज को दशकों तक हुए आर्थिक विकास और शांति स्थापित करने के लिए याद किया जाए। उनके द्वारा उनकी शान को समर्पित नवीनतम प्रयास है विन विन मान्यूमेंट, जो दशकों के टकराव को समाप्त करने के उद्धेश्य से खमेर रूस के सदस्यों को क्षमादान देने के लिए 1990 के दशक में लागू की गई उनकी नीति का नाम था। एक रहस्यपूर्ण राजनीतिज्ञ होने के नाते उन्होंने अपनी छवि ऐसी बनाई है कि कंबोडिया को खमेर रूस से बचाने का श्रेय उन्हें और सिर्फ उन्हें है। विन–विन स्मारक पर बने चित्रों में दिखाई गई हैं भरपूर फसलें, व्यस्त बंदरगाह और बढ़ती हुई जीडीपी। सन् 1998 से 2019 तक कंबोडिया की अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर 8 प्रतिशत रही, जो उसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाती है। कोविड–19 महामारी समाप्त होने के बाद अब पर्यटक दुबारा देश में आ रहे हैं और विश्व बैंक का अनुमान है कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 5।5 प्रतिशत रहेगी। कंबोडिया के इस प्रभावशाली आर्थिक विकास से लाखों लोग गरीबी से उबरे हैं। विश्व बैंक के मुताबिक देश की आबादी में गरीबों का प्रतिशत तेजी से घट कर 2020 के दशक में पहले से करीब आधा –18 प्रतिशत झ्र रह गया है।इस आर्थिक विकास के बावजूद देश में अपनी मर्जी से जीने और सांस लेने की आजादी नहीं है। इस चुनाव के बाद हुन सेन प्रधानमंत्री की गद्दी अपने सबसे बड़े पुत्र हुन मेनेट को दे देंगे।23 जुलाई को हुए चुनाव में हुन सेन ने भारी जीत और सत्ता हासिल की और अगले कई वर्षों तक उनके और उनके पुत्रों के सत्ता पर काबिज रहने का मार्ग प्रशस्त किया। जहां तक कंबोडिया का सवाल है, चुनाव के इस प्रहसन और देश के लोकतांत्रिक होने के जो ढोल पीटे जा रहे थे, उनसे वहां लोकतंत्र कायम होने की जो थोड़ी–बहुत आशा थी, वह भी ख़्त्म हो गयी है।

**विपक्ष को कुचलने के अलावा, हुन सेन असहमति और आलोचना को भी कुचलते रहे हैं जिससे मजबूर होकर कई लोग देश छोडक़र भाग गए है। मीडिया के खिलाफ भी कार्यवाहियां हुई हैं। वहां के सबसे बड़े मीडिया संस्थान वाईस आफ डेमोक्रेसी पर हुन सेन ने उन पर और उनके पुत्र पर हमले करने और उनकी 'प्रतिष्ठा व गरिमा' को नुकसान पहुँचाने के आरोप लगाए था। इसके बाद इस वर्ष के शुरू में इस संस्थान पर ताला लगने के बाद वहां अब स्वतंत्र मीडिया जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं बचा है। पिछले माह वहां के टेलिकॉम रेगुलेटर ने इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियों और तीन दूसरे समाचार माध्यमों की वेबसाईटों को ब्लाक करने का आदेश दिया। और हां, अब हुन सेन को प्रधानमंत्री कहकर संबोधित नहीं किया जाता है।**

# हर वर्किंग वुमेन को पॉश एक्ट के बारे में होनी चाहिए जानकारी...हैरेसमेंट की रिपोर्ट करने में होगी आसानी



महिलाओं के साथ वर्क प्लेस पर अक्सर हैरेसमेंट की खबर सामने आती है.इस तरह के मामले सेक्सुअल हैरेसमेंट ऐट वर्क प्लेस यानी काम की जगह पर होने पर यौन शोषण के दायरे में आते हैं.हैरेसमेंट आपका बॉस या कलीग कोई भी हो सकता है.कई बार हैरेसमें का शिकार होने के बावजूद महिलाएं चुप रहती हैं.कुछ को तो ये भी मालूम नहीं होता है कि आखिर शिकायत करनी कहां है. यही वजह है कि महिलाओं को दफ्तरों में सेक्सुअल हैरेसमेंट से सुरक्षित रखने के लिए पॉश यानी के प्रोटेक्शन ऑफ वूमेन फ्रॉम सेक्सुअल हैरेसमेंट एट वर्कप्लेस बनाया गया है.आइए पॉश एक्ट के बारे में विस्तार से जानते हैं.इस आर्टिकल में ये भी जानेंगे कि किस तरह का हैरेसमेंट पॉश एक्ट के तहत आता है...

### क्या है पॉश एक्ट

पॉश एक्ट बहुत ही जरूरी स्टेप है जो यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि वर्किंग प्लेस पर महिलाएं सुरक्षित माहौल में काम करें.हर कामकाजी महिलाओं को पॉश एक्ट के बारे में जरूर जानना चाहिए. अब तक कई ऐसी महिलाएं हैं जिन्हें इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं है. दरअसल ये एक्ट भारत में 2013 में काम करने की जगह पर महिलाओं के साथ होने वाले सेक्सुअल हैरेसमेंट को रोकने के लिए बनाया गया था.इस एक्ट के तहत महिलाओं के साथ होने वाले किसी भी तरह के सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत की जा सकती है. यह सभी वर्कप्लेस पर होना जरूरी है. इसके बारे में सभी कर्मचारियों को पता होना चाहिए कि आपको वर्कप्लेस में कैसा व्यवहार करना है.अगर कोई भी व्यक्ति किसी के साथ ऑफिस में कोई गलत हरकत करता है तो इस एक्ट के तहत शिकायत की जा सकती है. इस कमेटी के मेंबर में कम से कम 50 फीसदी महिलाओं का होना जरूरी है. इस कमेटी का काम होता है पॉश के अंदर आने वाली सभी तरह की शिकायत की समीक्षा करना और इसके खिलाफ नियमों के हिसाब से कार्यवाही करना.

इतने दिनों में दर्ज होनी चाहिए शिकायत

इस एक्ट के तहत 90 दिनों के इसके लिए ऑफिस में बनी इंटरनल कमेटी या फिर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है कई बार आप ऑफिस में कंप्लेंट कर सकते हैं और मामला गंभीर होता है तो ऑफिस की कमेटी भी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराती है ऑफिस के इंटरनल कमेटी को 10 दिन में अपनी जांच रिपोर्ट कंपनी को देनी होती है और दोषी पाए जाने पर कंपनी आरोपी को सजा देती है.

पॉश के तहत किस तरह का हैरेसमेंट होता है?

*फिजिकल कॉन्टैक्ट या किसी को भी गलत तरीके से छूना, इशारे करना, शारीरिक रूप से असहज महसूस कराना

*किसी भी तरह के सेक्सुअल फेवर मांगना.

*किसी भी तरह का सेक्सुअल रिमार्क करना.

*पोनोग्राफी से जुड़े मटेरियल भेजना.

# मणिपुर मामले को स्पिन देना आसान नहीं

**हरिशंकर व्यास**

इन दिनों हर पार्टी को ऐसे स्पिन डॉक्टर्स की जरूरत होती है, जो किसी भी घटना को दूसरा टर्न दे सके। मूल घटना पर से ध्यान हटा कर उसके दूसरे पहलू पर ध्यान केंद्रित करा दे। अगर मीडिया साथ हो तो ऐसा करना आसान हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी हर समय इस तरह के काम करती है। उसके स्पिन डॉक्टर्स हर घटना को एक नया रूप देते हैं और फिर मीडिया उसी रूप का प्रचार करता है। कई बार तो ऐसा लगता है कि खुद प्रधानमंत्री ही स्पिन डॉक्टर का काम करते हैं और कई बार पार्टी खुद यह काम करती दिखती है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की वीभत्स घटना का वीडियो आने के बाद जो दो काम पार्टी की ओर से किए गए हैं उनसे इस बात को समझा जा सकता है।

पहला काम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। वे संसद के मानसून सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे तो पारंपरिक मीडिया इंटरेक्शन में उन्होंने पहली बार मणिपुर का जिक्र किया, जहां पिछले करीब 80 दिन से हिंसा चल रही है। लेकिन साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकार का भी जिक्र किया और कहा कि वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हैं कि वे अपने राज्य में कानून व्यवस्था को पुख्ता बनाएं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बयान था, जिसकी कम से कम उस समय जरूरत नहीं थी। मणिपुर का वीडिया सामने आने के बाद पूरा देश उद्वेलित था उस समय उस मामले के साथ विपक्ष के शासन वाले चुनावी राज्य का जिक् करके राजनीति करने की जरूरत नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री ने किया। उसके बाद भाजपा ने इस बात को हाथों हाथ लिया। पूरे दिन भाजपा के नेता इस बात पर बयान देते रहे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोनिया गांधी मणिपुर पर बोल रही है लेकिन राजस्थान पर चुप हैं। सोचें, क्या यह राजस्थान और मणिपुर की तुलना का समय है? राजस्थान के जोधपुर में बलात्कार की घटना के दो घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि मणिपुर की घटना के बारे में जानकारी होने के बावजूद 77 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर भी भाजपा के नेता मणिपुर से ज्याद छत्तीसगढ़ और राजस्थान पर चर्चा करते रहे। जब संसद में इस बात को लेकर विवाद हुआ कि मणिपुर पर चर्चा नियम 176 के तहत हो या 267 के तब भी भाजपा ने विपक्ष पर ही आरोप लगाया कि वह चर्चा से भाग रहा है। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष इसलिए चर्चा से भाग रहा है ताकि पश्चिम बंगाल की हिंसा पर जवाब नहीं देना पड़े। सोचें, मणिपुर में हुए एक भयानक अपराध और सिस्टम की विफलता का वीडियो वायरल हो रहा है और खुद प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 140 करोड़ लोगों को दुनिया के सामने शर्मिंदा होना पड़ रहा है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि मणिपुर पर चर्चा होगी तो उसमें पश्चिम बंगाल की हिंसा की भी बात उठेगी! राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं को भी लाया जाएगा। यह क्या तर्क है?

क्या सरकार विपक्ष को यह कह रही है कि तुम्हारे शासन वाले राज्यों में भी अपराध हुए हैं, तुम मणिपुर पर चुप रहो नहीं तो हम तुम्हारे राज्य का मामला उठाएंगे? क्या किसी सभ्य लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में इस तरह की बात सोची भी जा सकती है?

सो, पहले तो प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के साथ विपक्ष के शासन वाले राज्यों को जोड़ कर अपने नेताओं को प्रेरित किया कि वे इस लाइन पर काम करें कि हमारी कमीज पर दाग है तो तुम भी बेदाग नहीं हो। इसके बाद दूसरा काम भाजपा ने किया। भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्विट करके वीडियो की टाइमिंग पर सवाल उठाया गया। कहा गया कि घटना इतने दिन पहले की है तो संसद के मानसून सत्र के ठीक एक दिन पहले कैसे सामने आया है? भाजपा को संसद सत्र से ठीक पहले वीडियो लीक होने में साजिश दिख रही है। यहां टाइमिंग के नाम पर घटना को स्पिन देने में भाजपा खुद ही फंस गई। सोशल मीडिया में स्वंयस्फूर्त तरीके से लोगों ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि तीन मई से मणिपुर में इंटरनेट बंद है अन्यथा यह वीडियो बहुत पहले सामने आया होता। सोचें, साजिश थ्योरी का प्रचार करने से पहले भाजपा ने यह नहीं सोचा कि इससे उसकी सरकार पर सवाल उठेंगे? यह सवाल उठेगा कि जब चार मई की घटना है और 18 मई को एफआईआर दर्ज हुई है तो अभी तक सरकार ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की थी? वीडियो इतना भयावह है, जिस पर सारी दुनिया थू थू कर रही है और भाजपा को इस बात की चिंता है कि वीडियो अभी क्यों लीक हुआ, जब संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा था! टाइमिंग पर सवाल उठाने के साथ साथ सरकार का फोकस इस बात पर है किसी तरह से ट्विटर, फेसबुक आदि से यह वीडियो हटवाया जाए। बताया जा रहा है कि सरकार की ओर से सोशल मीडिया कंपनियों को वीडियो हटाने के लिए कहा गया है।

# पवार के रास्ते पर सोनिया!



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी क्या एनसीपी के दिग्गज नेता शरद पवार के रास्ते चलेंगी? शरद पवार लंबे समय तक बारामती लोकसभा सीट से चुनाव जीतते रहे थे। लेकिन जब उनकी सेहत बिगड़ी तो उन्होंने लोकसभा सीट अपनी बेटी के लिए छोड़ दी और खुद राज्यसभा में चले गए। अब वे राज्यसभा सांसद हैं और उनकी बेटी सुप्रिया सुले बारामती का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसी तरह से कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी अपने परिवार की पारंपरिक लोकसभा सीट रायबरेली छोड़ देंगी और राज्यसभा में जाएंगी। गौरतलब है कि उनकी भी सेहत अच्छी नहीं है और लंबे समय से वे अपने चुनाव क्षेत्र में नहीं गई हैं। पहले उनके क्षेत्र का काम प्रियंका गांधी वाड्रा देखती थीं लेकिन जब से वे राष्ट्रीय राजनीति में महासचिव बन कर सक्रिय हुई हैं तब से अमेठी और रायबरेली पर कम ध्यान दे रही हैं।बताया जा रहा है कि जैसे शरद पवार ने बारामती सीट सुप्रिया सुले के लिए छोड़ी थी वैसे ही सोनिया गांधी रायबरेली सीट प्रियंका के लिए छोड़ेंगी। उनकी जगह अगला लोकसभा चुनाव प्रियका गांधी वाड्रा लड़ सकती हैं। प्रियंका के चुनाव लडऩे का असर कुछ और सीटों पर पड़ेगा। हालांकि पार्टी का एक खेमा चाहता है कि उनको चुनाव नहीं लडऩा चाहिए क्योंकि उनको पूरे देश में प्रचार करना है। बहरहाल, वह फैसला कांग्रेसको करना है। इस बीच यह खबर है कि सोनिया गांधी कर्नाटक से राज्यसभा में जा सकती हैं। अगले साल होने वाले दोवार्षिक चुनावों में अगर सोनिया कर्नाटक से राज्यसभा में जाती हैं और राहुल गांधी केरल से चुनाव लड़ते हैं तो कांग्रेस इन दोनों राज्यों में बहुत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है। वैसे भी विधानसभा चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है।

# क्या आप भी टॉवल से दबाकर पिंपल्स फोड़ते हैं, तो जान लीजिए ऐसा करने से बढ़ सकते हैं कौन से 5 स्किन प्रॉब्लम्स

चेहरे पर मुहांसे या पिंपल निकलने से खूबसूरती छीन सी जाती है. कई लोग फेस पर छोटे–छोटे दाने देख परेशान हो जाते हैं. ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए वे तौलिए या किसी कपड़े की मदद से पिंपल्स को फोडक़र उसका भरा पस निकालने लगते हैं. इससे चेहरे पर निकले पिंपल्स और सूजन कम तो हो जाते हैं लेकिन साइड इफेक्ट्स खतरनाक हो सकता है. आइए जानते हैं पिंपल फोडऩे के क्या–क्या नुकसान हैं... 1. हम जिस टॉवेल का यूज बाथरूम में करते हैं, उसमें काफी बैक्टीरिया हो सकते हैं. जब इनसे पिंपल को फोड़ा या दबाया जाता है तो बैक्टीरिया स्किन के अंदर चले जाते हैं. जिससे इंफेक्शन फैल सकता है. कई रिसर्च में भी बॉथरूम के टॉवेल में बैक्टीरिया होने की बात कही गई है. 2. टॉवेल का कपड़ा हार्ड या मोटा होने पर अगर उनसे पिंपल्स फोड़े जाते हैं, तो स्किन पर रगड़ होती है. इससे स्किन कटने–छिलने या उसमें जलन या इंफेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है. 3. पिंपल्स फोडऩे में टॉवेल का ज्यादा इस्तेमाल स्किन ड्राईनेस को बढ़ावा दे कता है. इससे पिंपल की समस्याएं और भी ज्यादा गंभीर हो सकती हैं. मतलब फायदा कम और नुकसान बहुत ज्यादा हो सकता है.

# ये मौसम सामान्य नहीं

रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं।

उत्तर भारत के लोगों को मौसम में बदलते और असामान्य मिजाज का अहसास इस समय जरूर हो रहा होगा। जुलाई के पहले हफ्ते में भीषण बारिश हुई, उससे हुए नुकसान का अभी अंदाजा ही लगाया जा रहा है। जबकि इस बीच अब असामान्य गर्मी और उमस ने उनकी जिंदगी मुहाल कर दी है। लेकिन ऐसा सिर्फ उन्हें झेलना पड़ रहा हो, ऐसी बात नहीं है। बल्कि सारी दुनिया का यही हाल है। दुनिया इस महीने गर्मी के कई सारे रिकाड्र्स टूट गए हैं। अमेरिकी एजेंसी नासा ने कहा है कि रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे गर्म महीना यही जुलाई होगा। साफ है, जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं। दुनियाभर में भीषण गर्मी, बाढ़, बेमौसम बरसात जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। इसी बीच वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि जुलाई 2023 संभवतः हजारों वर्षों में दुनिया का सबसे गर्म महीना रहेगा। यूरोपीय संघ और कुछ दूसरे स्त्रोतों से मिले डेटा के मुताबिक ऐसे रोजाना के कई रिकाड्र्स तो पहले ही टूट चुके हैं। पहले कुछ प्राकृतिक घटनाओं के कारण असामन्य मौसम होता था। लेकिन अब बात वह नहीं है।

मसलन, फिलहाल मौसम पर दिख रहे प्रभावों को केवल एल–नीनो पैटर्न का परिणाम नहीं ठहराया जा सकता है। बैशक, एल–नीनो भी इसमें एक छोटी भूमिका निभा रहा है, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि लगभग हर जगह असाधारण गर्मी है। निर्विवाद रूप से इसका कारण वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों को लगातार बढ़ते रहना है। तापमान बढने का असर यूरोप से लेकर एशिया, अफ्रीका और अमेरिका तक में साफ साफ नजर आया है। इसके परिणामस्वरूप कहीं भारी सूखा है, तो कहीं बाढ़ और कहीं वैसी बरसात, जिसके बारे में बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में ऐसा नहीं देखा। चीन में भी कुछ जगहों पर तापमान ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कई देशों की सरकारों को गर्मी से होने वाले खतरों के लिए चेतावनी जारी करनी पड़ी है। लेकिन ऐसी फौरी चेतावनियां अब कारगर होने वाली नहीं हैं। दरअसल दुनिया ने वैज्ञानिकों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चेतावनियों को नजरअंदाज किया। उसका नतीजा अब सामने है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने की वांग यी से मुलाकात

**दक्षिण अफ्रिका ,एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और सीपीसी में विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी से मुलाकात की और भारत चीन सीमा पर सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए निरंतर प्रयासों के परिणाम लाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में सोमवार को हुई इस मुलाकात में डोभाल ने कहा कि कि 2020 से भारत–चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर स्थिति ने रणनीतिक विश्वास और रिश्ते के सार्वजनिक और राजनीतिक आधार को खत्म कर दिया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्थिति को पूरी तरह से हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत–चीन द्विपक्षीय संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर 182 बंदियों की होगी सशर्त रिहायी

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 182 बंदियों की सशर्त रिहाई की जाएगी। डॉ मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा में कहा कि ऐसे बंदी जिनकी सजा के विरुद्ध अपील लंबित है, उनको अपील के निराकरण के उपरांत रिहाई की पात्रता होगी। जिन्हें जुर्माना से दण्डित किया गया है, वे यदि जुर्माना राशि 15 अगस्त 2023 तक जमा कर देते हैं, तो उन्हें रिहाई की पात्रता होगी। जिन्हें किसी अन्य प्रकरण में सजा भुगतना शेष है।

## उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**सियोल ,एजेंसी ।** दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने मंगलवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।इसमें कहा गया, हमारी सेना ने सोमवार रात 11.55 बजे और मंगलवार की आधी रात को उत्तर कोरिया द्वारा प्योंगयांग के पास के इलाकों से पूर्वी सागर में दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया। दोनों मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले लगभग 400 किमी तक उड़ीं। जेसीएस के अनुसार, दागी गई मिसाइलों के सटीक प्रकार का निर्धारण करने के लिए सेना अभी भी उत्तर के नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण का विश्लेषण कर रही है।

# इंडिया: ये तो धारणा बदलने के लिए नाम बदलने जैसा: नड्डा


बार–बार फेल हो रहे बच्चे का उदाहरण देकर कसा तंज

**नई दिल्ली , एजेंसी।** विपक्षी दलों की हाल ही में बेंगलुरु में हुई बैठक में इन दलों ने अपने नए गठबंधन के नाम 'इंडिया' का एलान किया था। इंडिया का पूरा नाम– इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस है। वहीं, इसके बाद से ही इस नाम को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। इस नाम के जरिए जहां एक ओर विपक्ष ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा के खिलाफ बड़ा दांव खेला है वहीं, भाजपा नेता इसको लेकर विपक्षी गठबंधन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार भाजपा के संसदीय दल की बैठक में इसे लेकर विपक्ष पर हमला बोला। वहीं, अब जेपी नड्डा और असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने भी 'इंडिया' नाम को लेकर विपक्ष पर तंज कसा है।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखने के विपक्ष के फैसले की तुलना एक ऐसे बच्चे के माता–पिता से की, जिन्होंने बच्चे के बारे में लोगों की धारणा बदलने के लिए उसका नाम ही बदल दिया था।

भाजपा अध्यक्ष ने ट्वीट किया, 'एक बच्चा था जो अपनी सभी परीक्षाओं में फेल हो गया। उसके सहपाठी और पड़ोसी उससे नफरत करते थे। इसलिए माता–पिता ने उनकी धारणा बदलने के लिए उसका नाम बदलने के बारे में सोचा। क्या यह मामला इंडिया जैसा नहीं है?'

वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी मंगलवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के साथ 'समस्या' यह है कि यह पक्षपातपूर्ण है। वह सिर्फ मणिपुर घटना के खिलाफ बोल रहा है। उसे अन्य राज्यों में क्या हो रहा है उससे मतलब नहीं है।

राहुल के मणिपुर में भारत के विचार के पुनर्निर्माण वाले बयान पर सरमा ने कहा, राहुल गांधी, यह अंतर्निहित पूर्वाग्रह वास्तव में इंडिया की समस्या है। सिर्फ मणिपुर के खिलाफ बोलें और दूसरों के लिए बोलने वालों को दंडित करें। भारत में, हमारी निष्ठा प्रत्येक नागरिक के प्रति है – चाहे वह मणिपुर से हो, या फिर राजस्थान, पश्चिम बंगाल या असम से हो। भारत जीतेगा, भारत को जीतना है।

इससे पहले, राहुल गांधी ने पहले ट्वीट कर केंद्र पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि, 'मिस्टर मोदी, आप जो चाहें हमें बुला लें। हम भारत हैं। हम मणिपुर को ठीक करने और हर महिला और बच्चे के आंसू पोंछने में मदद करेंगे।हम उसके सभी लोगों के लिए प्यार और शांति वापस लाएंगे। हम मणिपुर में भारत के विचार का पुनर्निर्माण करेंगे।'

इससे पहले, भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष के नए नाम 'क्ठउक्क्अ' पर तंज कसा और कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया था और इंडियन मुजाहिदीन में भी इंडियन है लेकिन सिर्फ इंडिया नाम रखने से इंडिया नहीं हो जाता। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन है।

### अंजू के पिता का बड़ा बयान, कहा–
## जो लड़की घर से चली गई, वह हमारे लिए मर गई

**ग्वालियर, एजेंसी।** भारत से पाकिस्तान पहुंची अंजू ने नसरुल्लाह के साथ शादी कर ली है। अंजू ने ईसाई धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म अपना लिया और नया इस्लामी नाम फातिमा रख लिया। मंगलवार (25 जुलाई) को दोनों की शादी का वीडियो भी सामने आया है। इसको लेकर उसके पिता का बयान सामने आया है।

अंजू के पिता गया प्रसाद थॉमस का कहना है कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है, मुझे क्या पता। जो लड़की घर से चली गई, वह हमारे लिए मर गई। अंजू के मां से अंजू की बातचीत होती रहती है, मुझसे ज्यादा बातचीत नहीं होती है। जब गया प्रसाद से



अंजू के धर्म परिवर्तन के बारे में पूछा गया तो वह भड़क गए। उन्होंने कहा कि बीच में यह धर्म की बात कहां से आ गई। मैं कोई ज्योतिष नहीं हूं, जो उसके दिमाग को समझूंगा। उसके दिमाग में क्या चल रहा है। इसकी जानकारी मुझे कैसे पता लगेगी। उन्होंने कहा है कि हमारी तरफ से कोई दवाब नहीं है। मेरी तरफ से न ही घर वापस आने का दबाव है और न ही उससे बात करने का दबाव है।

## मस्जिद समिति ने ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का किया रुख

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद सहित 22 मस्जिदों की देखभाल करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने मस्जिद परिसर (वुजुखाना को छोड़कर) के एएसआई सर्वेक्षण के लिए 21 जुलाई को पारित जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है।

यह याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को यह निर्देश दिए जाने के एक दिन बाद दायर की गई कि वाराणसी कोर्ट के आदेश को 26 जुलाई शाम 5 बजे तक लागू नहीं किया जाना चाहिए, ताकि मस्जिद समिति को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कुछ समय मिल सके।

शीर्ष अदालत का 24 जुलाई का आदेश भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ द्वारा पारित किया गया था। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मस्जिद की याचिका पर 26 जुलाई को अंतरिम आदेश समाप्त होने से पहले सुनवाई की अनुमति देने का अनुरोध किया गया।सुनवाई के दौरान, तीन–न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से दिए गए एक बयान पर भी ध्यान दिया कि वह कम से कम एक सप्ताह तक ज्ञानवापी स्थल की कोई खुदाई करने की योजना नहीं बना रही है, हालांकि वाराणसी जिला न्यायालय ने यह निर्धारित करने के लिए इस तरह की खुदाई की अनुमति दी थी कि क्या 16 वीं शताब्दी की मस्जिद पहले से मौजूद मंदिर के ऊपर बनाई गई थी।भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को एएसआई के रुख के बारे में सूचित किया था, जब ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने वाराणसी कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी।

## एयर होस्टेस गीतिका शर्मा सुसाइड केस, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा और अरुणा चड्ढा बरी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** एयर होस्टेस गीतिका शर्मा की आत्महत्या मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल गोयल कांडा और अरुणा चड्ढा को बरी कर दिया है। इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया है।

बता दें कि पांच अगस्त 2012 में एमडीएलआर एयरलाइंस की पूर्व निदेशक गीतिका ने अपने अशोक विहार स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गीतिका शर्मा ने अपनी मौत के लिए हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा और एमडीएलआर के मैनेजर अरुणा चड्ढा को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में आरोप तय किया था।गोपाल कांडा मौजूदा समय में सिरसा से विधायक हैं। गोपाल कांडा की एयरलाइंस कंपनी में गीतिका एयरहोस्टेस थी और उसने 2012 में आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मंत्री कांडा को मुख्य आरोपी बनाया था।

## चोर होने के शक में व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या

**दिसपुर, एजेंसी।** असम के गोलपाड़ा जिले में ग्रामीणों ने चोर होने के संदेह में एक व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना सोलमारी कल्याणपुर गांव में उस समय हुई जब मृतक (28 वर्षीय) सोमवार रात तंबाकू खरीदने गया था। उन्होंने कहा, 'ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वे पूरी रात उसे पीटते रहे और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।'

उन्होंने बताया कि व्यक्ति की पहचान सेंगसांग मराक के रूप में


आरोपी ग्रामीण गांव से फरार; असम के गोलपाड़ा का मामला

हुई है और पुलिस ने मंगलवार सुबह उसकी पत्नी से शिकायत मिलने के बाद उसका शव बरामद किया। पुलिस ने कहा, 'हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बीच, अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। ज्यादातर आरोपी गांव से भाग गए हैं।' गोलपाड़ा के पुलिस अधीक्षक वीवी राकेश रेड्डी ने कहा कि मराक की पत्नी ने घटना के बारे में विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, 'हम दोषियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं और फिर कार्रवाई करेंगे। यह किसी भी समाज में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है कि जनता कानून अपने हाथ में ले ले और फिर कुछ चोरी करने के बहाने किसी की हत्या कर दे।' उन्होंने कहा, 'हमने घटनास्थल का दौरा किया है और पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।'

# सीएम नीतीश के ऑर्डर पर आरजेडी कोटे के मंत्री का आदेश रद्द

### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मियों के तबादले पर रोक

**पटना, एजेंसी।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से इस साल 30 जून को किए गए 489 अधिकारियों के तबादले मंगलवार को रद्द कर दिए गए। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर हुआ है। इनमें अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, चकबंदी अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी सह कानून गो शामिल हैं। इनके तबादले चार अधिसूचनाओं के माध्यम से किए गए थे। मंगलवार की शाम चारों अधिसूचनाएं रद्द कर दी गईं। विभाग के संयुक्त सचिव कंचन कपूर के हवाले से जारी अधिसूचना में इसका कोई कारण नहीं बताया गया है। तबादला रद्द होने के बाद सभी अधिकारी अपने पुराने पदों पर लौट जाएंगे। इससे पहले रामनारायण मंडल और रामसूरत राय के मंत्रित्व काल में भी तबादले रद्द हुए थे। तब भी अनियमितताओं की चर्चा हुई थी। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इसबार भी अनियमितताओं के कारण तबादले रद्द किए गए। विधायकों की शिकायत थी कि



विधानसभा क्षेत्र के अंचलों में उनकी अनुशंसा पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों की तैनाती नहीं हुई। अधिक नाराजगी सत्तारूढ़ दलों के विधायकों की थी।

राजद विधायकों ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से शिकायत की थी। तेजस्वी ने विभागीय मंत्री आलोक मेहता को विधायकों की भावना से अवगत कराया था। मेहता राजद कोटा से ही राज्य मंत्रिमंडल में शामिल हैं। ऐसी ही शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू कोटे के दूसरी वरीय मंत्रियों के पास भी पहुंची थी। मुख्यमंत्री के पास एक और शिकायत पहुंची थी कि बड़े पैमाने पर किए गए तबादले में अधिकारियों की वरीयता और सामाजिक समीकरण का ख्याल नहीं रखा गया।

कनीय पदाधिकारियों को प्रभारी अंचलाधिकारी के पद तैनात किया गया, जबकि वरीय को राजस्व अधिकारी एवं अन्य पदों पर तैनात कर दिया गया। शिकायत यह भी थी बदनाम अधिकारी भी दंडित होने के बदले पुरस्कृत कर दिए गए। ऐसे अधिकारियों को भी अच्छी पोस्टिंग दी गई, जिनके कामकाज संतोषप्रद नहीं थे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों की शिकायतों के परिमार्जन के लिए अधिसूचना को संशोधित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। 30 जून के बाद होने वाले किसी तबादले पर मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होती है।

संचिका इसी इरादे से मुख्यमंत्री के पास भेजी गई थी। हालांकि, विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि प्रस्ताव में मुद्रण की गड़बड़ी थी, जिसके कारण संशोधन के बदले रद्द करने का प्रस्ताव चला गया था, जिस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिल गई। बहरहाल, अब नए सिरे से तबादले की प्रक्रिया शुरू होगी।

पिछले साल भी 30 जून को हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सौ से अधिक अधिकारियों के तबादले 10 जुलाई को रद्द कर दिए गए थे। यह भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर ही हुआ था। उस समय एनडीए की सरकार थी। भाजपा विधायक रामसूरत राय विभाग के मंत्री थे। आरोप तब भी यही लगा था कि तबादले में विधायकों की नहीं सुनी गई। पक्षपात किया गया है। उससे पहले भाजपा के ही विधायक रामनारायण मंडल के मंत्रित्व काल में जून वाले तबादले जुलाई में रद्द हो गए थे। आरोप वही था–मनमानी, लेनदेन और पक्षपात।

इस रिपोर्ट पर राज्यसभा सचिवालय ने भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि साहित्य अकादमी या अन्य अकादमियां अराजनीतिक संगठन हैं। इसमें राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे में जब भी कोई पुरस्कार दिया जाए, तो प्राप्तकर्ता की सहमति अवश्य ली जानी चाहिए। ताकि वह राजनीतिक कारणों से इसे वापस न लौटाए, क्योंकि यह देश के लिए अपमानजनक है।

इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में 2015 में कर्नाटक के प्रख्यात लेखक कलबुर्गी की हत्या का जिक्र करते हुए उसके विरोध में अवॉर्ड वापसी का भी जिक्रकिया है। बता दें कि संस्कृति मंत्रालय से जुड़ी संसद की इस स्थाई समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इसकी अध्यक्षता राज्यसभा सांसद और वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी विजयसाय रेड्डी कर रहे हैं। इससे पहले, फरवरी, 2017 में तत्कालीन संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने एक लिखित प्रश्न के जवाब में सदन को बताया था कि पिछले तीन वर्षों में 39 लेखकों ने अपने अवार्ड लौटाए। उनका दावा था कि साहित्य अकादमी ने ऐसे समय पर चुप्पी साध ली, जब उनकी अभिव्यक्ति की आजादी पर आघात किया गया।

## मणिपुर की वीरेंन सिंह सरकार को बर्खास्त करे केंद्र, लगाए राष्ट्रपति शासन: सांसद राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान का ही उल्लंघन नहीं हुआ है बल्कि मानवता पर भी हमला हुआ है इसलिए केंद्र सरकार को तुरंत वीरेन सिंह सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। 'आप'के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आज पत्रकारों से कहा कि संसद में शायद ही कभी ऐसा हुआ होगा, जब देश के एक बेहद ज्वलंत मुद्दे पर सवाल करने पर किसी राज्यसभा सांसद को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सांसद का पूरे सत्र के लिए निलंबन विशेष परिस्थिति में किया जाता है। ऐसा तब किया जाता है, जब उस सांसद ने संसद के भीतर कोई हिंसक कार्य किया हो या उसने संसद का कोई प्रस्ताव फाड़कर सभापति की कुर्सी की ओर फेंका हो या फिर उसने अपनी किसी गतिविधि से संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाई हो।

श्री चड्ढा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सिर्फ सभापति की कुर्सी के पास जाकर सवाल करने के लिए पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर की घटना सिर्फ एक राज्य का मसला नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में वृहद और विशेष चर्चा कराने की जरूरत है। 'आप' नेता ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा का बुरा प्रभाव अब आसपास के राज्यों पर भी पड़ने लगा है। आज मिजोरम में भी मणिपुर की तर्ज पर एक घटना घटी, जहां एक विशेष समुदाय के लोगों पर हमला किया गया और उन्हें राज्य छोड़कर बाहर जाने को कहा गया। अगर इस मामले का जल्द समाधान नहीं किया गया तो यह पूरे पूवीत्तर के राज्यों के लिए खतरा बन सकता है।

सांसद ने कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान के अनुच्छेद धारा 355 और 356 का ही उल्लंघन नहीं हुआ है, बल्कि वहां मानवता पर भी हमला हुआ है। शांति–व्यवस्था कायम करने में सरकार पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। कानून–व्यवस्था की स्थिति सरकार के नियंत्रण के बाहर हो गई है।

## फिर पनप रहा चक्रवाती तूफान, 12 राज्यों में अलर्ट

### उत्तराखंड में सडक़ों पर पहाड़ों का मलबा– बद्रीनाथ हाईवे बंद

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** बारिश के चलते काफी देशभर के कई राज्य बाढ़ से प्रभावित हैं। वहीं अब मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान की स्थिति बनी हुई, जिसके चलते कुल 12 राज्यों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तेलंगाना में अगले तीन दिन लोगों को बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। उत्तर–भारत में पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जिसके कारण दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से अधिक बना हुआ है। गंगा नदी भी इस वक्त उफान पर है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

मुंबई में भारी बारिश के चलते सोमवार को जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान पनप रहा है। यह पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। यह तूफान समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किमी ऊपर है, जिसके कारण 24 घंटों में यहां कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने इस वजह से तेलंगाना, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और तटीय कर्नाटक के अलग–अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका जताई है। यहां पर कुल 115.6 मिलीमीटर से 204.4 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक बारिश का अनुमान हिमाचल प्रदेश, राजस्थान के पूर्वी हिस्से, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मराठवाड़ा, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी है। इनमें से कुछ हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है।

मंगलवार सुबह दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 205.45 मीटर दर्ज किया गया है। यह खतरे के निशान से ज्यादा है। करीब 10 दिन पहले दिल्ली में लोगों ने बाढ़ जैसे हालातों का सामना किया। एक बार फिर राजधानी में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

# चीन सीमा के नजदीक लोगों को बसाने के लिए दी जाएगी नौतोड़ भूमि, 250 पद भरेगी सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला स्थित सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट में 47 विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया कि चीन शासित भारत–तिब्बत सीमा के नजदीक लोगों को बसाने के लिए प्रदेश सरकार नौतोड़ जमीन देने की योजना बहाल करेगी। सीमा से सटे लोगों का निचले क्षेत्रों की ओर पलायन रोकने की दिशा में यह बड़ा फैसला है। कैबिनेट ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिमला, नगर परिषदों व नगर पंचायतों समेत विभिन्न संस्थानों में 250 से अधिक पद भरने की भी मंजूरी दी। कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया कि प्रदेश सरकार एक छोटा हेलिकाप्टर लीज पर लेगी।



इसके लिए टेंडर केवल एक ही कंपनी ने लगाया है। पिछले करीब दो महीने से सरकार के पास अपना हेलिकाप्टर नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू सड़क मार्ग से दौरे कर रहे हैं। वह भारी बारिश से हुई प्राकृतिक आपदा के समय एयरफोर्स या हरियाणा सरकार का हेलिकाप्टर ही इस्तेमाल करते रहे। जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ जमीन आवंटन की छूट वर्ष 2014 से 2018 के बीच दी गई थी। यह 2018 में ही बंद कर दी गई थी। अब हिमाचल प्रदेश नौतोड़ नियम 1968 को दो वर्षों के लिए कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्यपाल से अनुरोध किया जा रहा है कि वह संविधान के अनुच्छेद–पांच के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल कर इस अधिनियम को निलंबित करे, जिससे यह प्रावधान लागू हो पाए। जनजातीय क्षेत्रों में यह जमीन उन लोगों को दी जा सकती है, जिनके पास 20 बीघा से कम भूमि है।

कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी देते हुए जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि पिछली सरकार के वक्त वर्ष 2014 में भारत के संविधान के अनुच्छेद–पांच के तहत राज्यपाल के पास जो शक्तियां हैं, उनका इस्तेमाल करते हुए नौतोड़ भूमि देने के लिए वर्ष 2014 से 2016 और 2016 से 18 तक वन संरक्षण अधिनियम को निलंबित किया गया। नेगी ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2018 में केवल एक ही व्यक्ति को लाभ दिया है और इस प्रावधान को भाजपा ने आगे नहीं बढ़ाया। अब इस संबंध में कैबिनेट की संस्तुति को राज्यपाल की संस्तुति के लिए भेजा जाएगा। अब इससे चीन सीमा के साथ लगते क्षेत्रों से पलायन नहीं होगा। इसमें कुछ शर्तें लागू होंगी। जैसे यह क्षेत्र नेशनल पार्क, अभयारण्य, संरक्षित क्षेत्र यानी कंजर्वेशन रिजर्व, सामुदायिक संरक्षित, वन संरक्षित और डीपीएफ के अंतर्गत नहीं होना चाहिए। नौतोड़ के लिए प्रस्तावित भूमि में खड़े पेड़ों की संख्या दो से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह भूमि केवल घरेलू उपयोग के लिए मिलेगी और संबंधित व्यक्ति की किसी भी प्रकार के वन अपराधों में संलग्नता नहीं होनी चाहिए।

मंत्रिमंडल ने इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय शिमला में ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी मेडिसन विभाग को कार्यशील करने तथा रोगियों की सुविधा के दृष्टिगत नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ के अतिरिक्त 136 पद सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया। इससे संबंधित सभी छह विभागों न्यूरोसर्जरी, रेडियोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, एनेस्थीसिया, ऑर्थोपेडिक और जनरल सर्जरी में तीन चरणों में चौबीसों घंटे सेवाएं सुनिश्चित हो सकेंगी।

# ऐसी सपाट पिच पर पांच विकेट लेना आसान नहीं है : मोहम्मद सिराज

पोर्ट ऑफ स्पेन ,वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे में मोहम्मद सिराज को भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने की जरूरत थी। चैंस पार्क ओवल की धीमी पिच पर चौथे दिन जहां गेंदबाजों के कुछ नहीं था, सिराज ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 60 रन पर पांच विकेट लेकर वापसी की और भारत को 183 रन की अच्छी बढ़त दिलाई।



टेस्ट करियर में अपने दूसरे पंजे के लिए सिराज ने जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, अल्ज़ारी जोसेफ, केमार रोच और शैनन गेब्रियल को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने दूसरी नई गेंद के साथ इनस्विंगर, आउटस्विंगर और वॉबल–सीम डिलीवरी का अच्छा मिश्रण किया जिससे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज उन्हें अच्छी तरह नहीं खेल सके।

तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके लिए सपाट पिच पर सफल होना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, सबसे पहले, यह प्रदर्शन वास्तव में अच्छा था क्योंकि इस तरह के सपाट विकेट पर पंजा लेना आसान नहीं है। पिच ज्यादा मदद नहीं कर रही थी। मैं इसे स्टंप टू स्टंप रखना चाहता था। वहां से अगर यह सीम करता है, तो यह वास्तव में अच्छा है।

सिराज ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, यह मेरी योजना थी, बस इस सरल योजना को क्रियान्वित करना जारी रखना था। चौथे दिन, हमारे पास अपेक्षाकृत नई गेंद भी थी, इसलिए यह स्विंग कर रही थी। पांचवें दिन, हम एक पुरानी गेंद से शुरुआत करेंगे। हमें सरल योजनाएँ रखनी होंगी, बहुत अधिक रन नहीं देने होंगे और बस दबाव बनाना होगा।

सिराज ने अपनी फिटनेस में सुधार और कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करने में मदद करने के लिए कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, यहां गर्मी और उमस है। रुक–रुक कर बारिश भी हो रही है। एक तेज गेंदबाज के रूप में खुद को लय में रखना एक चुनौती है, जब आप मैदान से बाहर जाते रहते हैं और शरीर तेजी से ठंडा होने लगता है।

उन्होंने कहा, एक तेज गेंदबाज के रूप में, इस उमस में लंबे स्पैल फेंकना भी मुश्किल है। मैं अपने शरीर को गर्म रखने की कोशिश करता हूं और सिर्फ साधारण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं वास्तव में सोहम भाई का आभारी हूं और मेरी फिटनेस पर काम करने के लिए उन्हें श्रेय देता हूं। मैं लगातार खेल रहा हूं और वह मेरे साथ बहुत मेहनत करते हैं। प्रोटीन से लेकर ओमेगा तक, वह मेरे लिए सब कुछ ऑर्डर करते हैं। इस व्हूप बैंड (फिटनेस ट्रैकर) को देखें, उन्होंने ही इसे ऑर्डर किया था। जसप्रित बुमरा और मोहम्मद शमी के बिना, सिराज भारतीय तेज–गेंदबाजी लाइन–अप का नेतृत्व करने के मौके का आनंद ले रहे हैं।उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, जब मुझे अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाती है तो वास्तव में अच्छा लगता है। यह एक शानदार एहसास है और यह एक चुनौती भी है। जब कोई और नहीं होता है, तो मुझे मैदान पर उतरना होता है और कुछ जिम्मेदारी दिखानी होती है। मुझे इस चुनौती को स्वीकार करना पसंद है। सिराज ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पांचवें दिन भारत को शानदार जीत दिलाने के लिए वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी लाइन–अप को तोड़ सकते हैं।

# फीफा महिला विश्व कप : जर्मनी ने मोरक्को को 6—0 से हराया



मेलबर्न ,कप्तान एलेक्जेंड्रा पॉप के दो गोल की मदद से जर्मनी ने मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम में नवागंतुक मोरक्को पर 6–0 से बड़ी जीत के साथ अपने फीफा महिला विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की।

दो बार की चैंपियन जर्मनी की टीम इससे पहले फीफा महिला विश्व कप में अपने पिछले 24 ग्रुप–स्टेज मैचों में से केवल एक हारी थी। पहली बार प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही मोरक्को कभी उसे चुनौती देता नहीं दिखा।

मोरक्को 11वें मिनट में ही पिछड़ गया जब कप्तान पोप हेडर करके जर्मनी को 1–0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले एक और हेडर के साथ जर्मनी ने 2–0 की बढ़त हासलि कर ली।

क्लारा बुहल ने दूसरे हाफ के पहले मिनट में गोल किया। इसके बाद मोरक्को के घावों पर नमक छिडक़ते हुए जर्मनी ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मोरक्को ने दो आत्मघाती गोल किए और अंत में शूलर ने इंजुरी टाइम में गोल करके टीम को बड़ी जीत दिलाई।

इस वर्ग की अन्य दो टीमों, कोलंबिया और कोरिया गणराज्य के बीच मंगलवार को होने वाले मैच से पहले जर्मनी अब ग्रुप एच के शीर्ष पर मजबूत बढ़त बनाए हुए है।

# वेस्टइंडीज के साथ टेस्ट मैच ड्रा होने पर टीम इंडिया को झटका





**डब्लूटीसी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा पाक**

पोर्ट ऑफ स्पेन ,25 जुलाई। भारत और वेस्टइंडीज के बीच चैंस पार्क ओवल में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच भारी बारिश के चलते ड्रा घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही भारत ने दो मैचों की सीरीज 1–0 से जीत ली है। भारत के लिए यह निराशाजनक अंत था, क्योंकि पूरे मैच के दौरान उसका पलड़ा भारी रहा। भारत ने अपनी दो पारियों में 438 और 181/2 रन बनाए थे। चौथे दिन स्टंप्स तक वेस्टइंडीज को 76/2 पर समेट दिया था, जिसे 365 रनों के एक विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। अपनी पहली पारी में 255 रन बनाने वाली मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए 290 रनों की और जरूरत थी।पांचवें और अंतिम दिन, भारत का लक्ष्य शेष आठ विकेट चटकाने का था ताकि 12 अंक और हासिल किए जा सकें और 2023–25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अपनी शानदार शुरुआत को और आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। टेस्ट के ड्रॉ होने से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 चक्र में टीम इंडिया को झटका लगा है। मौजूदा अंक तालिका में पाकिस्तान भारत को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गया है।दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2021–23 चक्र का फाइनल हारने के बाद भारतीय टीम ने 2023–25 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से की।

# 11 गेंदों में कूट डाले 56 रन, ठोका सबसे तेज अर्धशतक, जिम्बाब्वे के 'सिकंदर' ने बल्ले से मचाया गदर

नई दिल्ली, जिम्बाब्वे की टीम को वर्ल्ड कप 2023 का टिकट दिलाने में नाकाम रहे सिकंदर रजा ने अपना गुस्सा जिम एफ्रो टी–10 लीग में उतारा है। सिकंदर ने विपक्षी गेंदबाजी अटैक से ऐसा खिलवाड़ किया कि हर कोई उनकी तूफानी बैटिंग पर दिल दे बैठा। रजा ने महज 15 गेंदों पर अपना अर्धशतक ठोका और 56 रन सिर्फ चौके–छक्कों से बटोरे।



हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मुकाबले में सिकंदर रजा ने हरारे हरिकेंस के गेंदबाजी अटैक की जमकर धज्जियां उड़ाई। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने तूफानी अंदाज में बैटिंग करते हुए महज 21 गेंदों पर 70 रन की आतिशी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से छह गगनचुंबी छक्के और पांच चौके निकले। रजा ने महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो इस टूर्नामेंट की सबसे तेज फिफ्टी भी है। सिकंदर ने मैदान के चारों कोने में खुलकर शॉटस लगाए और हरिकेंस के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा।

**बुलावायो ब्रेव्स के हाथ लगी जीत**

सिकंदर रजा के बल्ले से निकली तूफानी पारी के दम पर बुलावायो ब्रेव्स इस मैच को 7 विकेट से अपने नाम किया। रजा की विस्फोटक बल्लेबाजी के आगे विपक्षी गेंदबाज और कप्तान पूरी तरह से बेबस नजर आए और ब्रेव्स की टीम ने 135 रन के लक्ष्य को 5 गेंद शेष रहते हुए ही हासिल कर लिया। बैटिंग के साथ–साथ रजा ने गेंद से भी कमाल दिखाया और एक विकेट अपने नाम किया।

**उथप्पा–लुईस ने भी मचाया धमाल**

इससे पहले हरारे हरिकेंस की तरफ से कप्तान रॉबिन उथप्पा ने भी बल्ले से खूब धमाल मचाया। उथप्पा ने महज 15 गेंदों पर 32 रन की आतिशी पारी खेली। वहीं, लुईस ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग करते हुए 19 गेंदों पर 49 रन ठोके। लुईस ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 2 चौके और छह लंबे–लंबे सिक्स जमाए, जिसके बूते हरिकेंस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोर बोर्ड पर 4 विकेट खोकर 134 रन टांगने में सफल रही।

## फिल्मी दुनियां

# मैंने प्यार किया की तर्ज पर राजश्री प्रोडक्शंस ने घोषित की नई प्रेम कहानी डोनो

तीन दशक पहले प्रतिष्ठित प्रेम कहानी मैंने प्यार किया बनाने के लिए जाना जाता है, राजश्री प्रोडक्शन जेन नेक्स्ट के लिए मासूम रोमांस के एक और ताज़ा विचार के साथ लौटने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन हाउस ने अपने नवीनतम उद्यम की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जो कि जियो स्टूडियो के सहयोग से है। डोनो नाम की इस फिल्म का निर्देशन अवनीश एस. बडज़ात्या द्वारा किए जाने की उम्मीद है, जिन्हें राजश्री की अगली पीढ़ी का निर्देशक माना जाता है।आगामी रोमांटिक ड्रामा के निर्माताओं द्वारा हाल ही में जारी एक बयान में, यह कहा जा रहा था कि फि ल्म का उद्देश्य मासूमियत और रोमांस के युग को वापस लाना है जो 1989 की प्रसिद्ध फिल्म मैंने प्यार किया में मौजूद था, जिसमें सलमान खान और भाग्यश्री थे। बयान में कहा गया है, हिंदी फिल्म उद्योग में अपने 75वें वर्ष को चिह्नित करते हुए, राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड ने संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन की अपनी विरासत को आगे बढ़ाया है और अपनी 59वीं फिल्म, एक प्रेम कहानी,



जिसका नाम – डोनो है, की घोषणा करके रोमांस को उसके शुद्धतम रूप में वापस लाया है। राजश्री की अगली पीढ़ी के निर्देशक – अवनीश एस. बडज़ात्या द्वारा निर्देशित, डोनो का टीजऱ 25 जुलाई को आएगा। यह फिल्म एक ताज़ा प्रेम कहानी होगी जो आपको मैंने प्यार किया के आकर्षण को फिर से देखने पर मजबूर कर देगी।निर्माताओं ने एक वीडियो का भी अनावरण किया जिसमें शीर्षक घोषणा क्लिप में शांत समुद्र तट की लहरों की पृष्ठभूमि में डोनो शब्द दिखाया गया है। एक नवोदित निर्देशक के साथ, यह फिल्म मैंने प्यार किया की तरह इस प्रेम कहानी में दो नए चेहरों को भी पेश करेगी, जिसमें नवोदित निर्देश-क सूरज आर. बडज़ात्या के साथ सलमान खान और भाग्यश्री की पहली फिल्म थी। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड जियो स्टूडियोज के सहयोग से डोनो प्रस्तुत करेगा। निर्देशक – अवनीश एस बडज़ात्या और निर्माता कमल कुमार बडज़ात्या, स्वर्गीय राजकुमार बडज़ात्या, अजीत कुमार बडज़ात्या और ज्योति देशपांडे हैं। फिल्म के लिए क्रिएटिव प्रोडक्शन का नेतृत्व सूरज आर. बडज़ात्या कर रहे हैं, जो जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कैरी ऑन जट्टा 3 ने रचा इतिहास, पंजाबी फिल्म उद्योग की पहली 100 करोड़ी फिल्म

पिछले दिनों रिलीज हुई फि ल्म कैरी ऑन जट्टा 3 दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आ रही है। फैंस से मिल रहे भरपूर प्यार की बदौलत फिल्म का बॉक्स ऑफि स कलेक्शन 100 करोड़ रुपए को पार कर गया है। यह पहली पंजाबी फिल्म है जो 100 करोड़ी क्लब में शामिल हुई है। मशहूर ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कैरी ऑन जट्टा 3 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि कैरी ऑन जट्टा 3 ने इतिहास रच दिया है। दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने बेंचमार्क सेट कर दिया है। फिल्म ने 100 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। स्मीप कांग द्वारा निर्देशित, यह फिल्म भारत में 560 स्क्रीन और 30 से अधिक देशों में 500 स्थानों पर रिलीज की गई। फिल्म को इसके हल्के–फुल्के, मजेदार कंटेंट के लिए पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिली है। आपको बता दें कि कैरी ऑन जट्टा सीरीज की ये तीसरी फि ल्म है। फिल्म का पहला भाग साल 2012 में आया था। दूसरा साल 2018 में और अब तीसरा 29 जून 2023 को रिलीज हुआ है। फिल्म को रिलीज हुए अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ।

# नीरजा में मेरी भूमिका मेरी क्षमता को परखने का मौका है: स्नेहा वाघ

फैमिली ड्रामा नीरजा में प्रोतिमा की भूमिका निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस स्नेहा वाघ ने कहा कि यह शो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ और यह एक नई भूमिका में उनकी क्षमता को परखने का अवसर है।नीरजा् एक नई पहचान दिखाती है कि एक मां और सेक्स वर्कर प्रोतिमा कोलकाता के कुख्यात रेड–लाइट जिले सोनागाछी में रहते हुए अपनी बेटी नीरजा के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस हद तक जा सकती है।किरदार के बारे में बात करते हुए स्नेहा ने कहा, यह शो मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। मैंने इस भूमिका को निभाने का फैसला किया क्योंकि यह एक नई भूमिका में अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर है।उन्होंने कहा, यह शो मेरी मां से



प्रेरणा लेने का मौका लेकर आया, जो मुझे हर चीज में सर्वश्रेष्ठ देने के लिए जमीन–आसमान एक कर देती थी। यही कारण है कि प्रोतिमा की भूमिका मुझे अनमोल लगती है।वह अपने किरदार प्रोतिमा को एक ह्रढ़ और आशावादीह्व महिला कहती हैं, जिसने एक बदनाम जगह सोनागाछी में रहने से पैदा होने वाली कठिनाइयों का अनुभव किया है।

एक्ट्रेस ने कहा, मां की भूमिका की तैयारी के लिए मुझे किरदार के भावनात्मक परिदृश्य में गहराई से उतरना पड़ा।

# बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में अवनीत कौर ने ढाया कहर, अपनी कातिलाना अदाओं से छलनी किए दिल



टीकू वेड्स शेरू फिल्म में नजर आईं 21 साल की एक्ट्रस अवनीत कौर मोस्ट ग्लैमरस और सिजलिंग एक्ट्रेस में शुमार हैं। अवनीत कौर अपनी हर एक कातिलाना अदाओं से फैंस को मदहोश कर देती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की, जिनमें उनका किलर लुक और हॉट अंदाज देखने लयाक है। वहीं, फैंस भी उनकी अदाओं को देखकर आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं। टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली 21 वर्षीय एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेश अपने हॉट एंड बोल्ड लुक्स के कारण लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं, जिनमें वह कहर बरपाती नजर आ रही हैं। अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूटर से सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी और उनकी ये तस्वीरें चंद मिनटों में ही इंटरनेट पर वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में अवनीत कौर की इन तस्वीरों को देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। ब्लू कल के बॉडी हगिंग गाउन में अवनीत कौर कैमरे के सामने एक से बढक़र एक हॉट एंड सिजलिंग पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बैकलेस गाउन में अवनीत कौर ने एक से बढक़र एक किलर एंड हॉट पोज दिए है, जिनमें उनका बोल्ड लुक देख फैंस आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं।

# सुहाना खान अब बड़े पर्दे पर देंगी दस्तक, शाहरुख और सिद्धार्थ आनंद संभालेंगे प्रोडक्शन का जिम्मा

सुहाना खान की पहली फिल्म द आर्चीज अभी रिलीज नहीं हुई कि इससे पहले ही दूसरी फिल्म उनके हाथ लग गई है। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि सुहाना की इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम उनके सुपरस्टार पिता शाहरुख खान संभालने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है। इसके जरिए सुहाना सिनेमाघरों में एंट्री करने वाली हैं। शाहरुख इस फिल्म के सह–निर्माता होंगे। वह सिद्धार्थ आनंद के साथ मिलकर यह फिल्म बनाने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख जवान की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। डंकी का शूट जल्द ही खत्म होगा। शाहरुख के प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने को बेताब हैं। जानकारी मिली है कि डंकी के बाद शाहरुख, सिद्धार्थ के साथ मिलकर एक फिल्म बनाने वाले हैं। इसका निर्माण उनकी प्रोडक्शन कंपनी



रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फलिक्स पिक्चर्स के बैनर तले होगा। हालांकि, पहले खबर थी कि डंकी के बाद शाहरुख टाइगर बनाम पठान का काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। पठान के बाद उन्हें दोबारा सिद्धार्थ के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। हालांकि, इस बार सिद्धार्थ बतौर निर्माता फिल्म से जुड़े हैं। फिल्म से जुड़ी सबसे खास बात है कि इसके जरिए शाहरुख की बेटी सुहाना की बड़े पर्दे पर एंट्री हो रही है। बाप–बेटी पहली बार किसी फिल्म में साथ आने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। शाहरुख फिल्म में अभिनय भी करेंगे।फिल्म के लिए निर्देशक का चयन हो गया है, लेकिन नाम सामने नहीं आया है। सुहाना के अलावा फिल्म में कई शानदार कलाकार नजर आने वाले है। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया जारी है। 2024 में यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म से शाहरुख की भूमिका का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि उनका किरदार उतना ही होगा, जितना डियर जिंदगी में था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com